# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com इंदौर, गुरुवार, 02 मई 2024 नगर संस्करण, वर्ष: 04, अंक: 250, पृष्ठ : 08, मूल्य: 5.00 रुपए


पंडिताई सीख रहे 19 नाबालिगों के साथ कुकर्म करता था आचार्य, सेवादार के खिलाफ भी एफआईआर

# उज्जैन के आश्रम में हैवानियत

**उज्जैन।** उज्जैन के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों से यौन शोषण के मामले में महाकाल थाना पुलिस ने मंगलवार रात 12:30 बजे केस दर्ज किया है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इस घटना को लेकर शिकायत की। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया, जबकि सेवादार फरार है।

शहर के बड़नगर रोड स्थित दंडी आश्रम 30 साल पुराना है। शुरूआत में तीन किशोरों के साथ गलत काम होने की जानकारी आई। अभिभावकों ने इस पर मंगलवार शाम को बैठक की। इस बैठक में पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। आश्रम संचालक गजानंद सरस्वती ने बताया कि चैत्र की नवरात्र के समय कुछ अभिभावकों ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। शिकायत करने वाले बच्चे एक के बाद एक सामने आने लगे। इसके बाद अभिभावकों ने वॉट्सऐप पर ग्रुप बनाकर 30 अप्रैल को सभी से आश्रम आने को कहा।









### एक बच्चे ने रोते हुए लिया आचार्य का नाम

मंगलवार को हुई बैठक में 20 से अधिक बच्चों के अभिभावक आए थे। सभी ने सेवादार अजय की शिकायत अपने माता-पिता से की थी। उनका गुस्सा भी अजय ठाकुर पर ही था। बैठक में एक-एक कर बच्चों को बुलाकर अजय के बारे में जानकारी ली, लेकिन इसी दौरान एक बच्चे ने रोते हुए आचार्य राहुल शर्मा का नाम भी लिया। इसके बाद बच्चों के माता-पिता और भड़क गए।

### कई दिनों से कर रहे थे यौन शोषण

राजगढ़, मंदसौर और देवास जिले के किशोरों ने पुलिस को बताया कि पिछले कई दिन से अजय ठाकुर और राहुल शर्मा उनका यौन शोषण कर रहे थे। दोनों उन्हें अपने कमरे में बुलाते थे। एडिशनल एसपी जयंत राठौर ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। अजय फरार है।

### विरोध करने पर धमकाते थे आरोपी

तीन किशोरों ने पुलिस को बताया कि पिछले कई दिनों से आश्रम के अजय आचार्य और राहुल आचार्य उनके साथ अनैतिक कार्य कर रहे थे। आचार्य अपने कमरे में अकेले बुलाते थे गलत कार्य करते थे। विरोध करने पर डराते धमकाते थे। उन्होंने आचार्य पर आरोप लगाते हुए कहा कि आश्रम के बीस से ज्यादा किशोरों के साथ इन दो आचार्यों ने गलत कार्य किए हैं। एक आचार्य की शिकायत कुछ दिन पहले की गई थी तो आश्रम के लोगों ने उसे भगा दिया था।

### इन धाराओं में दर्ज किया केस

पुलिस ने बताया कि बड़नगर रोड स्थित दांडी आश्रम में देवास, मंदसौर और राजगढ़ जिले के तीन किशोर पंडिताई की शिक्षा ग्रहण करते हैं। आरोप है कि आश्रम के आचार्य अजय और राहुल ने किशोरों के साथ अनैतिक कृत्य किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7, 8, 9पी और 10 के तहत केस दर्ज किया है। वहीं देवास जिले के किशोर की शिकायत पर आरोपी अजय के खिलाफ लैंगिक अधिनियम की धारा 11 एवं 12 के तहत केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मामला 15 दिनों से चल रहा था। पुलिस का कहना है कि अन्य किशोरी के साथ इस तरह की हरकत की गई क्या इसको लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## ब्रीफ न्यूज़

### सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग के आरोपी ने की आत्महत्या

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग केस में पकड़े गए एक आरोपी ने आत्महत्या की कोशिश की है। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। आरोपी पुलिस हिरासत में था, उसके साथ दो अन्य आरोपी भी हैं। जबकि, मामले में गिरफ्तार चौथे आरोपी को चिकित्सीय आधार पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। मुंबई पुलिस ने बुधवार को मामले में जानकारी दी कि सलमान खान फायरिंग केस में पकड़े गए आरोपियों में से एक ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई है। मृतक की पहचान अनुज थापन के रूप में हुई है। उस पर शूटरों को हथियार मुहैया कराने का आरोप था। थापन को मुंबई पुलिस ने एक अन्य आरोपी सोनू सुभाष चंदर (37) के साथ 25 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया था। इसके अलावा 24 वर्षीय विक्की गुप्ता, 21 वर्षीय सागर पाल भी गिरफ्तार हुए थे। थापन, विक्की और सागर पाल मुंबई पुलिस की हिरासत में थे, जबकि सोनू कुमार चंदर बिश्नोई को चिकित्सा आधार पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। सूत्रों से जानकारी मिली है कि सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के सिलसिले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के आरोपों का सामना कर रहे चार आरोपियों में एक ने मामले में सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई थी। हाालांकि पुलिस ने उस आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया था कि वह कौन है। मुंबई अपराध शाखा से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी पहले किसी उच्च रैंकिंग अधिकारी के सामने आरोपी का कबूलनामा दर्ज करेगी और बाद में इसे मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा,इकबालिया बयान सबूत का हिस्सा होगा और इसका इस्तेमाल उसके साथ-साथ आरोपों का सामना कर रहे अन्य आरोपियों के खिलाफ भी किया जाएगा। इसलिए आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया गया था।

### सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत की खबर

**चंडीगढ़।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड केस के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत की खबर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, उसे अमेरिका में गोली मारी गई है। गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। गोल्डी बराड़ का असली नाम सतिंदरजीत सिंह है। जन्म 1994 में पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले में हुआ। बता दें कि गोल्डी बराड़ के पिता पंजाब पुलिस से रिटायर्ड उप निरीक्षक हैं। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद उसका नाम मीडिया में चर्चा में है। हालांकि इससे पहले भी वह कई वारदात कर चुका था। चंडीगढ़ में चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ ने अपराध की दुनिया में कदम रखा। चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित एक क्लब के बाहर 11 अक्तूबर 2020 की रात पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) के छात्रनेता गुरलाल बराड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोल्डी बराड़ का चचेरा भाई गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरूआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा।

# रूस से भेजे गए स्कूलों को बम से उड़ाने वाले ईमेल!

सभी स्कूलों को ईमेल भेजने के लिए एक ही आईपी एड्रेस, नफरती भाषा का किया इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के 100 से अधिक स्कूलों को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद खलबली मच गई। दिल्ली के कई नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। डीपीएस, मदर मैरी स्कूल और संस्कृति स्कूल जैसे नामी स्कूलों को धमकी दी गई। जांच एजेंसियों को संदेह है कि ईमेल रूस स्थित सर्वर से आया है। सूत्रों का कहना है कि सभी स्कूलों को ईमेल भेजने के लिए एक ही आईपी एड्रेस का इस्तेमाल किया गया था।

दिल्ली पुलिस की साइबर टीम भी जांच में शामिल हो गई है। सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि स्कूलों को धमकी भरा मेल भेजने के लिए इस्तेमाल किया गया ईमेल पता रूसी डोमेन का था। हालांकि, पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है कि ईमेल वास्तव में रूस से आया था या नहीं। जैसे ही धमकियों की खबर फैली दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने एक बयान जारी कर कहा कि आज दिल्ली के कुछ स्कूलों में बम होने की झूठी कॉल-मेल आए, दिल्ली पुलिस को कहीं भी कुछ भी प्रतिकूल-संदिग्ध नहीं मिला। हमारे सभी छात्र और शिक्षक सुरक्षित हैं। सभी से अनुरोध है कि घबराएं नहीं। अभिभावकों को राहत देने के लिए यदि माता-पिता स्कूल पहुंच गए थे तो छात्रों को स्कूल से जाने की अनुमति दी गई।



### धमकी भरे ई-मेल में लिखी है यह बातें

स्कूलों को जो ईमेल भेजे गए हैं उसमें नफरती भाषा का इस्तेमाल किया गया है। ईमेल में लिखा, हमारे हाथों में जो लोहा है वह हमारे दिलों को गले लगाता है। इंशाअल्लाह, हम इन्हें हवा में उड़ा कर तुम्हारे शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। तुम्हारे घिनौने शरीरों को चीर देंगे। हम तुम्हारी गर्दन और चेहरे को फाड़ देंगे। अल्लाह की मर्जी हुई तो हम तुम्हें आग की लपटों में डाल देंगे। जिससे तुम्हारा दम घुट जाएगा। काफिरों के लिए जहन्नुम में अलग आग है। काफिरों, इंशाअल्लाह, तुम इसी आग में हमेशा के लिए जल जाओगे।

आगे लिखा कि आपके द्वारा पैदा की गई बुराई से धुआं आसमान में उतरेगा। आपके पास बहुत सारा खाली लोहा है, किसी भी मात्रा में किसी भी शून्य में कोई शक्ति नहीं है, यह सब दूर जा रहा है। क्या तुमने सच में सोचा था कि बचपन से तुमने जो भी बुराइयां की हैं, उसका कोई जवाब नहीं होगा, हमारे दिलों में जिहाद की आग जला दी गई है। हम वह आग बन गए हैं, इंशाअल्लाह जो सिर्फ बदले की वकालत करता है।

50 ट्रेनों से शुरुआत कर 400 तक की जाएगी ट्रेनों की संख्या

# वंदे भारत मेट्रो ट्रेन तैयार, 100 से 250 किमी के बीच दौड़ेंगी

**कपूरथला।** वंदे भारत ट्रेनों के बाद अब देश के कई बड़े शहरों में वंदे भारत मेट्रो चलाने की तैयारी है। वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की पहली झलक भी सामने आ चुकी है। इस खास मेट्रो ट्रेन का ट्रायल इसी साल साल जुलाई से किया जाएगा। पंजाब के कपूरथला में एक रेल कोच फैक्ट्री ने वंदे भारत मेट्रो के पहले कुछ डिब्बे बनाकर तैयार कर दिए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शुरूआत में ऐसी 50 ट्रेनें बनाई जाएंगी और धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ाकर 400 की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि रेंज के मामले में वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें 100 किमी से लेकर 250 किमी के बीच चलाई जाएंगी। इसमें डिफॉल्ट कॉन्फिगरेशन के रूप में 12 कोच होंगे, लेकिन इसे 16 कोच तक बढ़ाया जा सकता है। वंदे भारत देश की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है जिसे 15 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली और वाराणसी के बीच हरी झंडी दिखाई गई थी। आज 102 वंदे भारत ट्रेन 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 284 जिलों से होकर 100 मार्गों पर चलती हैं।



### मुंबई लोकल ट्रेन की जगह आएगी, सुरक्षित वंदे भारत मेट्रो

मुंबई की लोकल ट्रेनों को अगले तीन से चार साल के भीतर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन सेट से बदल दिया जाएगा। इससे मुंबई में हर रोज यात्रा करने वाले यात्रियों को मेट्रो की तर्ज पर एसी और एवं स्वचालित गेट वाली सुरक्षित सेवा मिलेगी। रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कपूरथला स्थिति रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का पहला रैक करीब -करीब तैयार है। सूत्रों के अनुसार वंदे भारत मेट्रो के 50 रैक बनने के बाद 400 और रैक के निर्माण का आर्डर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के 12 बड़े एवं मझोले नगरों के बीच वंदे भारत मेट्रो से दैनिक यात्रा की सुविधा मिलेगी। वंदे भारत मेट्रो ट्रेन 12 कोच वाला ट्रेन सेट होगा जिसे आवश्यकता पड़ने पर 16 कोच का बनाया जा सकता है। यह कुछ सेकेंड में तेज स्पीड पर दौड़ने वाली मेट्रो ट्रेन होगी। इसे औसतन सौ सवा सौ किलोमीटर की दूरी वाले दो प्रमुख स्टेशनों के बीच कई फेरों में चलाने की योजना है। सूत्रों ने कहा कि आगे चल कर मुंबई, कोलकाता, चेन्नई आदि महानगरों में उपनगरीय सेवाओं में चलने वाली गाड़ियों को वंदे भारत मेट्रो में बदला जा सकता है जिससे दैनिक यात्रियों को तेज स्पीड वाली ट्रेन सुविधा मिल सकेगा।

राजनीति | मनाने में जुटे हैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

# राहुल ने अमेठी से चुनाव लड़ने से किया इनकार, प्रियंका को भी रोका

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी के इनकार के चलते ही अब तक उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं हो सका है। फिलहाल मल्लिकार्जुन खरगे उन्हें राजी करने में जुटे हैं। वह यदि राजी हुए तो उनके नाम का ऐलान गुरुवार तक हो सकता है। यदि नहीं हुए तो फिर गांधी परिवार के बाहर के किसी नेता का नाम भी आ सकता है। इसकी वजह यह है कि राहुल गांधी यह भी नहीं चाहते कि प्रियंका गांधी या परिवार का कोई और सदस्य भी अमेठी या फिर रायबरेली सीट से चुनाव लड़े। इस तरह ऐसा पहली बार हो सकता है कि रायबरेली और अमेठी



दोनों ही सीटों से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव में नहीं उतरेगा। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी का कहना है कि वह खुद अमेठी से फिर उतरे और रायबरेली से प्रियंका गांधी उतरीं तो भाजपा को परिवारवाद के नाम पर हमला करने का मौका मिल जाएगा। अमेठी से चुनाव लड़ने के लिए तो रॉबर्ट वाड्रा तक तैयार हैं, लेकिन राहुल गांधी नहीं चाहते कि फैमिली से कोई भी मैदान में आए।

### कांग्रेसियों की अपील दरकिनार

दरअसल चर्चा थी कि अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका गांधी लड़ सकती हैं। कांग्रेस में एक प्रस्ताव यह भी दिया कि यदि प्रियंका को चुनावी समर से बाहर ही रखना है और अमेठी से मन नहीं है तो राहुल गांधी खुद रायबरेली से चुनाव लड़ें। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी इस पर सहमत दिख रहे थे, लेकिन उन्होंने इससे इनकार ही कर दिया। अब कांग्रेस के आगे धर्मसंकट की स्थिति है। एक तरफ राहुल गांधी चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं और दूसरी तरफ किसी और नेता को मौका मिला तो भाजपा डर कर भागने का आरोप लगाने लग जाएगी। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पसोपेश में है। मल्लिकार्जुन खरगे लगातार राहुल गांधी को मनाने में जुटे हैं, लेकिन वह अब तक राजी नहीं हैं। गौरतलब है कि अमेठी सीट पर तो भाजपा की कैंडिडेट स्मृति इरानी लंबे समय से कैंपेन कर रही हैं। रायबरेली से अब तक पार्टी ने कैंडिडेट का ऐलान नहीं किया है। माना जा रहा है कि भाजपा भी इसी इंतजार में है कि पहले कांग्रेस अपना कैंडिडेट तय करे। माना जा रहा है कि कांग्रेस की ओर से प्रियंका को उतारने पर अदिति सिंह को मौका मिल सकता है। यदि प्रियंका नहीं उतरीं तो फिर मनोज पांडेय, दिनेश सिंह के नाम चर्चा में हैं। चर्चा यहां तक थी कि वरुम गांधी को भी भाजपा ने रायबरेली सीट ऑफर की थी, लेकिन उन्होंने लड़ने से इनकार कर दिया।

## सड़क किनारे कटीली झाड़ियों में मिले बच्चे को अमेरिकी दंपति ने लिया गोद

# जिन्हें मां की गोद नहीं मिली, वे बनेंगे विदेशी नागरिक

**इंदौर।** कहते हैं किसी की किस्मत नहीं छीनी जा सकती है। माध्यम कोई भी बने जिंदगी अपने रंग दिखाती ही है। इंदौर की एक घटना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुछ साल पहले सड़क किनारे कटीली झाड़ियों में एक बच्चा मिला था। किसी ने उसको पॉलीथिन में लपेट कर वहां छोड़ दिया था। राहगीरों ने उसे जख्मी हालत में एक संस्था को दे दिया। संस्था ने उसका इलाज कराया और नाम रखा राजवीर। डेढ़ साल बाद उस बच्चे की किस्मत ने पलटी मारी।

पीथमपुर की कटिली झाड़ियों में मिले राजवीर को हाल ही में अमेरिका के दंपति ने गोद लिया है। डेढ़ साल का ये बच्चा अब अमेरिकी दंपति की आंखों का तारा बनकर चमकेगा। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि इंदौर के शिशु गृह/बाल गृह से हर साल करीब 45 बच्चों को गोद लिया जाता है। इनमें 4-5 बच्चों को विदेशी दंपति गोद लेते हैं। इनमें इटली व यूएसए जैसे देश में ज्यादातर बच्चे पहुंचते हैं।



### गोद लेने वाले पर रहती है नजर

ऐसे दंपति बच्चों को गोद लेने के लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में आवेदन करते हैं, जिसके बाद कई प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें एजेंसी के जरिए इन दंपतियों की जांच पड़ताल होती है। इसके बाद उनकी दिल्ली से वेटिंग जारी की जाती है। आगे की पूरी प्रक्रिया भी इसी के अनुसार न्यायालय के माध्यम से आगे बढ़ती है। जिला कलेक्टर की निगरानी में गोद देने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। फिर बच्चे को उन्हें सौंप दिया जाता है। ये प्रक्रिया यहीं नहीं खत्म होती, बल्कि इसके बाद भी एजेंसी द्वारा दंपति पर निगरानी रखी जाती है कि बच्चे का पालन पोषण सही से करते हैं या नहीं।

### फिनलैंड और इटली जाएंगे दो बच्चे

रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि अगले डेढ़ महीने में दो और बच्चे फिनलैंड और इटली जाएंगे। प्रक्रिया चल रही है। विदेशी दंपति आकर बच्चों को ले जाएंगे। इनमें एक बालिका माही है जो इटली जाएगी और एक बालक आदर्श है जो फिनलैंड जाएगा। संस्था संजीवनी भी इस मामले में काम कर रही है।

### खुद भी एडॉप्टेड किड थे केलसे

अमेरिका के हवाई शहर में फिजियोथेरेपिस्ट नाथनियल केलसे कोपेलेंड खुद भी एडाप्टेड हैं। उनके माता-पिता ने संस्था की मदद से उनको गोद लिया था। अन्य चार भाई-बहनों को भी परिवार ने गोद लेकर भरण-पोषण व अच्छी शिक्षा दी, जिसके बाद उन्होंने भी एक बच्चे का जीवन संवारने का संकल्प लिया। उनके अनुसार, पत्नी एमी हेरन ने भी इसकी सहमति दी और भारतीय बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया शुरू की। अपने छोटे भाई को देख एसलिम फूली नहीं समा रही थी। बार-बार गोद में उठाने और साथ में घर ले जाने के लिए उत्साहित नजर आ रही थी।

---

## बागेश्वर महाराज ने कैलाश विजयवर्गीय से की अपील- नाइट कल्चर को बंद करें इससे समाज को खतरा

# धीरेंद्र शास्त्री ने खेला क्रिकेट, गन्ने का जूस निकालकर लोगों को पिलाया

**इंदौर।** इंदौर में इन दिनों पंडित धीरेंद्र शास्त्री कथा कर रहे हैं। इस बीच फुर्सत के पल मिलते ही उन्होंने क्रिकेट में हाथ अजमाया, जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का अलग अंदाज देखने को मिला। धीरेंद्र शास्त्री ने रनअप लेते हुए तेज गेंदबाजी की और बल्लेबाज को छका दिया। इसके अलावा पंडित धीरेंद्र शास्त्री का एक और वीडियो भी सामने आया, जिसमें वो गन्ने का जूस निकाल रहे हैं और लोगों को पिला रहे हैं। यह वायरल वीडियो इंदौर के बापट चौराहे का बताया जा रहा है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने काफिले के साथ जा रहे थे और फिर गन्ने के जूस की दुकान देखकर गाड़ी रुकवाई और फिर गन्ने का जूस खुद ही निकालने लगे और लोगों को पिलाने लगे। बता दें कि इन दिनों इंदौर के कन्नकेशवरी ग्राउंड में बागेश्वर धाम की कथा चल रही है। मध्यप्रदेश के इंदौर में इन दिनों सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की श्रीमद्भागवत कथा चल रही है। एमआर-9 लिंक रोड पर कनकेश्वरी गरबा परिसर में पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कैबिनट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से कहा कि गुरु होने के नाते आज्ञा दे रहे हैं, नाइट कल्चर को बंद करें। इससे समाज को खतरा है।





### इंदौर में धार्मिक लोग रहते हैं

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कहा कि नाइट कल्चर निशाचरों के लिए है। इंदौर में निशाचर थोड़ी धार्मिक लोग रहते हैं। यह शहर शिव भक्त मां अहिल्या की नगरी है। नाइट कल्चर से हमारी संस्कृति पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। ये हमारी अस्मिता पर दाग है, इस तरह के अशोभनीय कार्यों पर रोक लगनी चाहिए।

# 30 विद्वान स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से दे रहे धार्मिक शिक्षा

### यंग जैन स्टडी ग्रुप ने किया जैन संस्कार शिविर का शुभारंभ

**इंदौर।** इंदौर में यंग जैन स्टडी ग्रुप द्वारा जैन संस्कार शिविर का बुधवार को शुभारंभ किया। 9 दिवसीय इस शिविर में बड़ी संख्या में शिविरार्थी व बच्चों ने हिस्सा लिया। धार्मिक व सामाजिक संस्कारों को आधुनिक पद्धति से श्रेष्ठ विद्वानों द्वारा बच्चों को संस्कारित करने के लिए इसकी शुरूआत की गई है।

शिविर प्रमुख प्रकाश छाबड़ा, प्रवक्ता मनीष अजमेरा व अजय जैन मिंटा ने बताया कि सन्मति स्कूल पर आयोजित शिविर में पहले दिन 2046 शिविरार्थी, बच्चों ने एक साथ पूजा की। शिविर का शुभारंभ अशोक किरण जैन, सुनील जैन व ध्वजारोहण अविनाश सेठी, विजित रामावत, संजय जैन, ज्ञानेश राजू शाह ने किया। अतिथि न्यायधीश डी.पी शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा की जीवन में संस्कार ही सबसे महत्वपूर्ण है। श्रीजी के पूजन का आयोजन जयश्री टोंग्या व विमल छाबड़ा के संयोजन में हुआ।



### 30 बसों व 78 सेंटरों से लाने-ले जाने की व्यवस्था

1 मई से 9 मई तक आयोजित होने वाले संस्कार शिविर में 8 वर्ष से 40 वर्ष तक की आयु वाले भाग ले रहे है। शहरभर के विभिन्न क्षेत्रों से शविरार्थियों को 30 बसों व 78 सेंटरों से लाने व पुनः छोड़ने की व्यवस्था प्रीतेश जैन, अजय जैन के संयोजन में की गई। कैलाश वेद व अखिलेश जैन ने बताया कि 30 विद्वानों द्वारा स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से सरल भाषा मे धार्मिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। रोचक प्रश्नों का आयोजन भी शिविर में हुआ, इसमें बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें पुरस्कृत किया गया। यह शिविर का 9वां वर्ष है। शुभारंभ अवसर पर अजय जैन, अखिलेश जैन, प्रीतेश जैन, पंडित विकास छाबड़ा, कैलाश वेद, नेम लुहाड़िया, प्रमोद पहाड़िया, निलेश पाटोदी, अविनाश जैन, अर्चेश पाटोदी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# स्कूटर सीख रही महिला को बचाने में डिवाइडर से टकराया,बाइक सवार की मौत

**इंदौर।** इंदौर के पास खुडैल रोड पर हादसे में निजी कंपनी के एक कर्मचारी की मौत हो गई। वह रात में अपने घर की तरफ जा रहा था। तभी रास्ते में मोपेड सीख रही एक महिला को बचाने में सड़क किनारे डिवाइडर में जा घुसा। उसे उपचार के लिये एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। एमवाय चौकी पुलिस के मुताबिक प्रभुदयाल पुत्र बंशीलाल निवासी पीथमपुर की मंगलवार रात एक हादसे में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि प्रभुदयाल पीथमपुर इलाके की एक फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार को देवास से लौट रहा था। तभी तेजाजी चौक के यहां वह हादसे का शिकार हो गया। यहां एक महिला मोपेड सीख रही थी। उसे बचाने में प्रभुदयाल की बाइक स्लिप हो गई और सड़क किनारे जा गिरा। प्रभुदयाल की पत्नी अनिता की एक साल पहले खरगोन हादसे में मौत हो गई थी। दोनों की तीन साल पहले ही शादी हुई थी।

# अ.भा.अग्रवाल महासभा वृंदावन में बनवाएगी महालक्ष्मी मंदिर

### राष्ट्रीय अध्यक्ष 4 और 5 मई को इंदौर आकर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से करेंगे मुलाकात

**इंदौर।** अ.भा. अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल 4-5 मई को इंदौर आएंगे। वे वृंदावन में कुलदेवी महालक्ष्मी के विशाल मंदिर एवं अग्रसेन भवन के निर्माण की योजना पर शहर के समाजसेवी बंधुओं से विचार-मंथन कर अपनी योजना की जानकारी देंगे। वृंदावन में उक्त मंदिर एवं भवन के निर्माण का संकल्प हाल ही महासभा की राष्ट्रीय महिला समिति के अग्रोहा धाम में संपन्न सम्मेलन में लिया गया है। इस सम्मेलन में देश के 32 राज्यों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अ.भा. अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री हरि अग्रवाल, प्रदेशाध्यक्ष राजेश रामबाबू अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश रामपीपल्या एवं दिनेश जिंदल ने बताया कि महासभा की ओर से मंदिर की योजना को मूर्त रूप देने हेतु एक ट्रस्ट मंडल के गठन का विचार है, जिस पर मंथन हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल 4-5 मई को इंदौर आएंगे। मंदिर निर्माण हेतु धन संग्रह के लिए एक-एक लाख रुपए के 101 सदस्य बनाने का विचार है, जिनमें से 21 की सहमति प्राप्त हो चुकी है। इंदौर से 51 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अपने इंदौर प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। वे यहां महासभा के कुटुम्ब ऐप से अग्रवाल परिवारों को जोड़ने के लिए भी आग्रह करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इंदौर आगमन के पूर्व महासभा के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक अग्रवाल नगर में वरिष्ठ समाजसेवी रामबाबू अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, इसमें हरि अग्रवाल, राजेश रामबाबू अग्रवाल, सुरेश रामपीपल्या, दिनेश जिंदल, मुकेश बृजवासी, सुधीर अग्रवाल, सीए सोम सिंघल एवं संजय गोयल आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## 14 देशों के अफसर आईआईएम से सीखेंगे इंफ्रास्ट्रक्चर की बारीकियां

**इंदौर।** दुनियाभर के 14 देशों से आए 26 वरिष्ठ अधिकारियों को आईआईएम इंदौर द्वारा बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास को लेकर 14 दिनी एग्जीक्यूटिव कोर्स करवाया जा रहा है। यह कार्यक्रम इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (आईटीइसी) के साथ मिलकर विदेश मंत्रालय द्वारा करवाया जा रहा है। जिन देशों के प्रतिनिधि इस कोर्स में शामिल हुए हैं, उसमें मुख्य रूप से मोजांबिक, तंजानिया, युगांडा, मेडागास्कर, कोमोरोस, मालदीव्स, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश, किरिबाती, इस्वातिनी, कंबोडिया, बुरुंडी और बोत्सवाना आदि शामिल हैं। सभी प्रतिभागी अपने-अपने देश में एग्जीक्यूटिव बोर्ड डायरेक्टर, सीनियर डायरेक्टर, एडवाइजर, जॉइंट सेक्रेटरी और डिप्टी डायरेक्टर जनरल जैसे बड़े पदों पर स्थापित हैं। कोर्स का समापन 11 मई को आगरा में ताजमहल के दौरे के साथ होगा।

### देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की हीरक जयंती मनाई

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का हीरक जयंती समारोह बुधवार को आर एन टी मार्ग स्थित कार्यालय पर मनाया गया। इस दौरान देवी अहिल्या को माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया। पालकी यात्रा निकाली गई। इसमें मुख्य अतिथि गजासीन शनि मंदिर के संत दादू महाराज थे। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्र संत दादू महाराज, इंदौर आयुक्त दीपक सिंह, कुलपति प्रो. रेणु जैन, कार्यपरिषद सदस्य ए के द्विवेदी, कुलसचिव अजय वर्मा, डॉ. माया इंगले, डॉ. राजीव दीक्षित सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर दादू महाराज संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय में लगाने के लिए लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की विशाल तस्वीर भेंट की गई।


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री पंकज मोहन सिंह मोर्य पिता श्री जयसिंह मोर्य**, झोन क्रमांक 5 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयतनामा, वारिस नाते, दान पत्र अनुसार प्रस्तुत कर मकान/ प्लॉट **पता- म.न. 309-ए.एम सेकण्ड एल. आई.जी. पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलया इन्दौर** पर नामांतरण चाहा गया है। पिन नं. **1000945943** इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक **02.05.2024** से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो जोन क्रमांक 5 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अवधि पश्चात वह बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 5, इ.न.पा. नि. इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री रवि कुमार कुमावत पिता श्री सिध्दनाथ कुमावत, श्री सुनील कुमावत पिता श्री सिध्दनाथ कुमावत,** झोन क्रमांक 5 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयतनामा, वारिस नाते, दान पत्र अनुसार प्रस्तुत कर मकान/ प्लॉट **पता- म.न. 6 पैकी उत्तर दिशा कबीट खेड़ी लाहिया कालोनी इन्दौर** पर नामांतरण चाहा गया है। पिन नं. **1002261367** इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक **02.05.2024** से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो जोन क्रमांक 5 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अवधि पश्चात वह बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 5, इ.न.पा. नि. इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **अर्जुन लाल पिता गोपीराम वर्मा** , क्रेता **दिनेश कुमार पिता स्व. श्री अर्जुन लाल वर्मा** पता **939 खांतीवाला टैंक** इंदौर, **पिन 1001118929,** वारिस नाते के अनुसार झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 65। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **02.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 12 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **ऊषा पति दीपक पाटिल** , क्रेता **मनोज कदम वर्षा कदम** पता **7/1 मोती तबेला** इंदौर, **पिन 1001127037,** विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 59। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **02.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 12 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **प्रमीला केशवराव,** क्रेता **राजेंद्र भोकरदनकर** पता **4-3 साऊथ हरसिध्दी** इंदौर, **पिन 1001120633,** वारिस नाते के अनुसार झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 59। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **02.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 12 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्री रविकुमार रामनानी पिता स्व. श्री छोगालाल जी रामनानी, श्रीमति साक्षी रामनानी पति रविकुमार रामनानी** पिन **1001204352** झोन क्र. 15। **पता- 3 कुंजवन कालोनी प्र.क्र. 202 श्रीलाभ एवेंयू इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **02.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमति नेहा पति हीरालाल जी रहेजा** पिन **1001207085** झोन क्र. 15। **पता- 53-ए पार्श्वनाथ नगर इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **02.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्री अभीजीत नाईक पिता अशोक नाईक, श्रीमति जयश्री नाईक पिता अभीजीत नाईक, श्रीमति अश्विनी तावसे पति सुनील तावसे, श्रीमति आदिति साक्रिकर पिता श्री आशीष साक्रिकर** पिन **1001208489** झोन क्र. 15। **पता- 234 विश्वकर्मा नगर इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **02.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमति सोनम नामदेव पति प्रतीक नामदेव,** पिन **1001214598** झोन क्र. 15। **पता- 276-277 उषा नगर एक्सटेंशन इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **02.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमति ज्योति सेठी पति संजय कुमार सेठी, श्री रोहन सेठी पिता संजय कुमार सेठी,** पिन **1001208885** झोन क्र. 15। **पता- 251 विश्वकर्मा नगर इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **02.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

मृदुभाषी
सच्ची खबरें, सलीके के साथ
इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित
facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com
इंदौर, गुरुवार, 02 मई 2024
नगर संस्करण, वर्षः 04, अंकः 250, पृष्ठ : 08, मूल्यः 5.00 रुपए

### स्वर्णिम भारत बनाने के लिए देश के हर वर्ग को जागृत करना है

# अक्षय बोले- राम राज्य लाने के लिए भाजपा में हुआ शामिल

**इंदौर।** इंदौर के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे अक्षय कांति बम अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अक्षय ने नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख को नाम वापस लिया और अब इंदौर से कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ रहा है। अक्षय ने कहा है कि वे रामभक्त हैं और राम राज्य लाने के लिए भाजपा में चले गए हैं। मंगलवार को अक्षय आलीराजपुर में हुई भाजपा की सभा में पहुंचे थे। उन्होंने वहां पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह बात कही।

अक्षय ने कहा मैंने डर या लालच की वजह से अपना नाम वापस नहीं लिया। जो आदमी 15 लाख रुपए की घड़ी पहनता है उसको कोई क्या डील में देगा? यहां मुझे जो भी दायित्व दिया जाएगा, जितने भी निचले स्तर से दिया जाएगा, एक छोटे से कार्यकर्ता के रूप में उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। अक्षय ने कहा मैं रामभक्त हूं। संघ शक्ति कलयुगे। यदि किसी को आगे बढ़ना है तो वह संघ और संगठन की शक्ति से ही आगे बढ़ सकता है। जहां संगठन मजबूत होगा, वहीं रामराज्य आएगा। हमें सनातन धर्म को पूरे विश्व में ले जाना है। राष्ट्र जागृति को जगाना है। स्वर्णिम भारत बनाने के लिए देश के हर वर्ग को जागृत करना है। मेरे बारे में कुछ लोग यहां-वहां की बात कर रहे हैं, वे भी इस पर विचार करें। मैं ये नहीं कहता कि कल मैंने कोई बहुत बड़ा काम किया, मैं अगर सांसद भी होता तो सनातन धर्म के लिए अपने पद से त्यागपत्र देता और काम करता। व्यक्तिगत निर्णय से सनातन धर्म का निर्णय लेना ज्यादा जरूरी है। अपने ऊपर हाल ही में लगी धारा 307 पर वे बोले कि मैं इस पर अभी कुछ नहीं कहूंगा क्योंकि मामला कोर्ट में है।



### सबसे मुश्किल 4 नंबर सीट से मांगा था टिकट

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैंने तो कांग्रेस से इंदौर की अयोध्या (इंदौर-4 विधानसभा सीट) से टिकट मांगा था। यह प्रदेश की सबसे मुश्किल सीटों में से एक है। अगर इस सीट से मैं काम करने की ताकत रखता हूं तो समझ लेना चाहिए कि मेरे मन में कोई डर नहीं है। भाजपा में आने के लिए डील संबंधी सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आज की तारीख में मेरे पास क्या है और क्या नहीं है, ये पूरा डिस्क्लोज्ड है। जो आदमी 15 लाख की घड़ी पहनता है उसको कोई क्या डील में देगा? यहां मुझे जो भी दायित्व दिया जाएगा, जितने भी निचले स्तर से दिया जाएगा, एक छोटे से कार्यकर्ता के रूप में उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा।

### सांसद भी होता तो सनातन धर्म के लिए त्याग पत्र देता

अक्षय ने कहा कि मेरे बारे में कुछ लोग यहां-वहां की बात कर रहे हैं, वे भी इस पर विचार करें। मैं ये नहीं कहता कि कल मैंने कोई बहुत बड़ा काम किया, मैं अगर सांसद भी होता तो सनातन धर्म के लिए अपने पद से त्यागपत्र देता और काम करता। व्यक्तिगत निर्णय से सनातन धर्म का निर्णय लेना ज्यादा जरूरी है। मैं बहुत खुश हूं कि पिछले 24 में से 18 घंटे मुझे कैलाश विजयवर्गीय जी ने हाथ पकड़कर बोलना सिखाया। पहली बार आलीराजपुर में भाषण दिया है। ये मुझे जीवनभर याद रहेगा। 17 साल पुराने केस को लेकर पूछने पर उन्होंने कहा कि इस पर 10 मई को विवेचना होना है। उसके बाद तय होगा कि मुझ पर 307 लगनी चाहिए या नहीं।

### मतदाता मोबाइल नंबर, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केन्द्र की जानकारी के साथ वाट्सएप या फोन से दर्ज करा सकते हैं शिकायत

# मतदाता पर्ची नहीं मिली तो कलेक्टर देंगे दो मूवी टिकट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** इंदौर जिले में यदि किसी मतदाता को मतदाता पर्ची नहीं मिलती है तो प्रशासन उसे फ्री मूवी टिकट देगा। यह बात इंदौर के कलेक्टर आशीष सिंह ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। दरअसल 13 मई को इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव की वोटिंग हैं। प्रशासन ने भी इसकी तैयारी पूरी कर ली है।

आशीष सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर सभी मतदाता को मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ द्वारा घर घर जाकर दी जाती है। जिसकी सारी तैयारियां कर पूरी हो चुकी हैं। कलेक्टर सिंह ने जिले के नागरिकों से कहा है कि यदि उनको तय समय में मतदान पर्ची बीएलओ द्वारा उनके घर नही पहुंचाई जाती है, तो ऐसे मतदाता अपना नाम, मोबाइल नं., विधानसभा क्षेत्र एवं मतदान केन्द्र की जानकारी के साथ अपनी शिकायत वॉट्सऐप या फोन से दर्ज करा सकते हैं।



### कब और कैसे दर्ज करना है शिकायत

यह सूचना जिले की निर्वाचन हेल्पलाइन वॉट्सऐप नम्बर 93199338398 या लैंड लाइन नम्बर 0731-2470104, 0731-2470105 पर 10 मई को दर्ज कराई जा सकती है। ऐसी सूचना प्राप्त होने पर जांच के बाद संबंधित बीएलओ पर कार्यवाही की जाएगी। सही सूचना देने वाले मतदाताओं को इंदौर शहर के सिनेमाघरों में फिल्म देखने के लिए दो फ्री मूवी टिकट दिए जाएंगे।

### 13 मई को होगा इंदौर में मतदान

देश में 2024 का लोकसभा चुनाव 7 चरणों में पूरा होगा। इंदौर संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण में 13 मई को वोटिंग होगी और 4 जून को रिजल्ट आएगा। इंदौर संसदीय क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र (देपालपुर, इंदौर-1, इंदौर-2, इंदौर-3, इंदौर-4, इंदौर-5, राऊ और सांवेर) शामिल हैं। सभी विधानसभाओं में बीजेपी का ही कब्जा है। इखढ के गढ़ कहे जाने वाले इंदौर में भाजपा ने मौजूदा सांसद शंकर लालवानी को टिकट दिया है। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार रहे अक्षय कांती बम के दलबल के बाद कांग्रेस ने नोटा को वोट करने के अपील की है।

### मतदाता बिना वोटर कार्ड के कर सकते हैं मतदान, लिस्ट में नाम होना जरूरी

लोकसभा चुनावों के मतदान के लिए अब बस कुछ दिन का ही समय रह गया है। मतदान के दिन वोट डालने के लिए पहचान पत्र के तौर पर चुनाव आयोग सभी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र यानी वोटर आईडी जारी करता है। लेकिन वोटर आईडी के गुम हो जाने पर भी आप बिना वोटर कार्ड के मतदान कर सकते हैं। इसके लिए आपका नाम वोटर लिस्ट में होना जरूरी है। वोटर लिस्ट में आपका नाम है और आपके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो चुनाव आयोग ने 11 प्रकार के अन्य दस्तावेजों को पहचान पत्र के तौर पर मान्यता दी है, जिन्हें दिखाकर आप वोट डाल सकते हैं।

### इन दस्तावेजों के साथ कर सकेंगे मतदान

पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, अगर आप सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट के कर्मचारी हैं या फिर पब्लिक लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे हैं तो कंपनी की फोटो आईडी के आधार पर भी मतदान किया जा सकता है पैन कार्ड, आधार कार्ड, पोस्ट ऑफिस और बैंक द्वारा जारी किया गया पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड ,लेबर मिनिस्ट्री द्वारा जारी किया गया हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड, पेंशन कार्ड जिस पर आपकी फोटो लगी हो और अटेस्टेड हो, नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसद या विधायक की तरफ से जारी आधिकारिक पहचान पत्र ।

### कथा से महिलाओं की चेन और मंगलसूत्र चोरी पर नहीं लग रही लगाम

# बागेश्वर धाम के दिव्य दरबार आज आएंगे एक लाख से ज्यादा भक्त

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर में चल रही धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम की कथा में रोज हजारों लोग आ रहे हैं। गुरुवार को तो यहां पर दिव्य दरबार लगेगा जिसमें बाबा पर्ची निकालकर लोगों की परेशानियों के हल बताएंगे। यहां पर इंदौर और आसपास के जिलों के एक लाख से अधिक भक्तों के आने की उम्मीद है। यहां से रोज महिलाओं की चेन-मंगलसूत्र भी चोरी हो रहे हैं।

मंगलवार को पंडाल से महिलाओं और नाबालिगों की गैंग ने 8 महिलाओं को निशाना बनाया और उनकी सोने की चेन व मंगलसूत्र चुरा लिए। सभी महिलाओं ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का दावा है कि चेन चुराने वाली गैंग की एक महिला को पुलिस ने पकड़ लिया है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बागेश्वर धाम में क्राइम ब्रांच की टीम को एक्टिव किया है। रात में क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला को जब इतनी वारदातों की जानकारी लगी तो वह नाराज हुए। उन्होंने पुलिस के वरिष्ठ अफसरों से बात की। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को यहां महिला चोर गैंग ने एक के बाद एक करीब आधा दर्जन से अधिक महिलाओं के मंगलसूत्र ओर चेन गायब कर दी। भीड़ में यहां आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

### रणजीत हनुमान मंदिर मामले में हुई मौत पर प्रशासन ने किया खंडन

# भगदड़ से नहीं साइलेंट अटैक से हुई थी श्रद्धालु की मौत

**इंदौर।** रणजीत हनुमान मंदिर में मंगलवार को भंडारे में भगदड़ से भक्त की मौत होने की खबरों का जिला प्रशासन ने खंडन किया है। प्रशासन का कहना है कि भंडारे के दौरान लाइन लाइन से होते हुए पंडाल में पहुंचने पर एक भक्त की तबीयत खराब हो गई थी और वह चक्कर खाकर गिर गया। भक्त को तुरंत ही पास के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर का कहना है कि भक्त की मृत्यु साइलेंट अटैक के कारण हुई। जिला प्रशासन ने उन खबरों का का खंडन किया है जिसमें कहा गया है कि रणजीत हनुमान में भगदड़ और धक्का मुक्की से एक श्रद्धालु की मृत्यु हो गई थी। प्रशासन के अनुसार मंगलवार रात्रि रणजीत हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारा 5:30 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 2:00 बजे तक अनवरत चला। भंडारे में अत्यधिक जनसैलाब था। भंडारे में लगभग 40 हजार से 50 हजार श्रद्धालु आए थे। भंडारे की लाइन में लगे विजय पिता सुंदरलाल प्रजापत उम्र 48 वर्ष निवासी गोविन्द कालोनी मल्हारगंज करीबन 11.15 बजे लाइन से कैंपस में आने के बाद चक्कर खाकर गिर गए।

# राऊ के कांग्रेस नेता ने की आत्महत्या, राहुल गांधी को भेंट की थी गदा

**इंदौर।** राऊ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता मनोज सूले ने बुधवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। 60 वर्षीय मनोज का शव उनके कोल्ड स्टोरेज में मिला है। अभी तक आत्महत्या के कारण भी स्पष्ट नहीं हुए है। राऊ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्ट मार्टम करवाया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राऊ में मनोज सूले भी शामिल हुए थे। सूले ने राहुल गांधी को पीतल की गदा भेंट की थी।

जोन-1 के डीसीपी विनोद कुमार मीना के मुताबिक नयापुरा( राऊ )निवासी मनोज नंदराम सूले का केट रोड़ पर सूले कोल्ड स्टोरेज है।बुधवार सुबह करीब सात बजे घर से निकल गए थे।परिचित उमेश वर्मा की दुकान बाबा कुल्फी पर कुछ देर रुके और दोस्तों से बातचीत भी की। आधा घंटा रुक कर मनोज सीधे कोल्ड स्टोरेज पहुंचे और अपने कैबिन में चले गए। मनोज ने जाते ही रस्सी का फंदा बनाकर पंखे से लटक कर फांसी लगा ली।

टीआइ राजपालसिंह राठौर के मुताबिक मनोज की मां ने उन्हें कई बार काल लगाए लेकिन फोन रिसिव नहीं हुआ। शक होने पर उन्होंने मनोज के बेटे राजेश को कोल्ड स्टोरेज भेजा। मनोज की कार बाहर खड़ी हुई थी। चौकीदार ने कहा वो आते ही कैबिन में चले गए थे। दरवाजा अंदर से बंद था। टीआई के मुताबिक कैबिन से सुसाइड नोट नहीं मिला है। स्वजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।

### मौसम विभाग ने चेताया

### बादल-बारिश का दौर खत्म, तेज गर्मी से बढ़ेगी परेशानी

# मई के पहले दिन गर्म हवा के थपेड़ों ने किया परेशान

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में बारिश और बादल का दौर खत्म हो गया है। अप्रैल में भी कई जिलों में बूंदाबांदी हो रही थी। बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों में लोगों ने तेज गर्मी को महसूस किया। मौसम विभाग के मुताबिक अब प्रदेश में अगले कुछ दिन गर्मी अपना प्रभाव दिखाएगी। मई के पहले दिन लगभग सभी जिलों में गर्म हवाएं चली और लोग सूरज की चुभन से परेशान रहे। मंगलवार और बुधवार के दिन प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। ग्वालियर संभाग के जिलों में तापमान थोड़ा कम हुआ शेष सभी संभागों के तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। ग्वालियर, शहडोल संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी गई। मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.4 त्उ रीवा में दर्ज किया गया तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.0 त्उ दतिया में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अब प्रदेश में बादल और बारिश का दौर खत्म हो गया है और गर्मी तेज पड़ने वाली है। प्रदेश में गुरुवार को कई जिलों में लू चलने की भी संभावना है। सागर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मंडला, बालाघाट, बुरहानपुर, बैतूल, शहडोल, अनूपपुर, डिंडोरी, उमरिया, खण्डवा, खरगोन में गर्मी के चलते लोगों को परेशानी हो सकती है।



### इंदौर में इस हफ्ते 42 डिग्री पार जाएगा पारा, तीसरे-चौथे सप्ताह में बारिश-ओले

इंदौर में एक-दो दिनों में ही पारा 42 डिग्री के पार जा सकता है। वैसे इंदौर में पिछले 10 में से नौ साल ऐसे रहे जब मई में तापमान 42 डिग्री से ज्यादा ही रहा। सिर्फ 2021 में तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा था। वहीं 2016 में तापमान 44.5 डिग्री तक पहुंचा था। दरअसल मई माह में औसतन तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रहता है। रात का तापमान भी 24.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। दिन का तापमान औसत से 4 डिग्री से ज्यादा होने पर लू की स्थिति बनती है। इंदौर में इस साल अप्रैल में 38 और 39 डिग्री सेल्सियस पर ही लू जैसी स्थिति बन गई थी।

### मई में 2 चरण की वोटिंग, इस दौरान गर्मी रहेगी

चौथे चरण में 13 मई को मालवा-निमाड़ के इंदौर, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन और खंडवा लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे। मौसम विभाग का अनुमान है कि वोटिंग के दौरान तेज गर्मी भी पड़ेगी। ऐसे में गर्मी लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती है। हालांकि, चुनाव आयोग ने सभी कलेक्टरों से हर मतदान केंद्र पर पानी, छांव और ओआरएस की व्यवस्था करने को कहा है।

# यौन शोषण का जन-सेवक

प्रथम दृष्टया जेहन में सवाल उठता है कि वह इनसान है या भेड़िया अथवा कोई वहशी जानवर है? हालांकि अभी आरोप हैं। यही कानून की अधूरी भाषा है, लेकिन क्या सभी 2976 वीडियो फर्जी, संपादित हो सकते हैं? ये वीडियो एक पेन ड्राइव में उपलब्ध हैं। जिन महिलाओं का यौन-शोषण किया गया है या मानसिकता अश्लील थी, वे सभी घर की सेविकाएं थीं। यानी घर के भीतर ही दुराचार, जघन्य अपराध किया जाता रहा। ये हरकतें अक्षम्य हैं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा के चेहरे और चिर संचित प्रतिष्ठा पर भी कालिख पोत दी गई है, क्योंकि उनका बड़ा बेटा एच.डी. रेवन्ना और पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना दोनों पर ही पाशविकता का कलंक लगा है। दोनों ही जन-प्रतिनिधि हैं। प्रज्ज्वल ने तो जद-एस और भाजपा के साझा उम्मीदवार के तौर पर कर्नाटक की हासन सीट से चुनाव लड़ा है। बीती 26 अप्रैल को मतदान हुआ और 27 अप्रैल को भगोड़े की तरह जर्मनी चले जाना, यह साफ दशार्ता है कि वह अपराधी, बलात्कारी, यौन-शोषक के किरदार में है। यदि वह सिर्फ आरोपित होता, तो यहीं रहकर उसे कानूनी लड़ाई लड़नी चाहिए थी। सवाल कर्नाटक राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी है कि जब यौन-शोषण के अश्लील वीडियो सार्वजनिक हो चुके थे, तो प्रज्ज्वल को हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों नहीं की गई? उसे तब तक हिरासत में रखा जाना चाहिए था, जब तक अधिकतर पीड़िताओं के पक्ष दर्ज नहीं होते।

> जहां औरतों को पूजा जाता है, वहीं देवता वास करते हैं। यह भी भूल जाना चाहिए कि महिलाओं को पंचायत, स्थानीय निकायों, विधानसभा और संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने से उनका दर्जा बढ़ेगा और वे पुरुष के समकक्ष होती जाएंगी। इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए, क्योंकि इस अश्लील संदर्भ से साबित होता है कि घर की सेविकाएं भी उपभोग की वस्तु हैं।

ऐसा लगता है कि सभी राजनेता और दल एक-दूसरे के कवच हैं। कमोबेश ऐसे मामलों में आपस में रक्षा करते हैं! चूंकि निवर्तमान सांसद प्रज्ज्वल जर्मनी भाग गया है, तो विशेष जांच दल की पड़ताल भी अधूरी रहेगी। लगातार सवाल उठते रहेंगे कि विदेश भागने में किसने मदद की? भाजपा की तरफ ही उंगली उठती रहेगी। दरअसल ये शर्मनाक पल भाजपा-जद (एस) दोनों के लिए हैं, क्योंकि उनके नेतृत्व को दिसंबर, 2023 से ही जानकारी थी कि प्रज्ज्वल के अश्लील वीडियो कांग्रेस के हाथों में पहुंच चुके हैं और वह उन्हें ब्रह्मास्त्र की तरह इस्तेमाल कर सकती है। बताया जा रहा है कि प्रज्ज्वल ने कुल 200 महिलाओं का यौन-शोषण किया और खुद ही वीडियो शूट करता रहा। कितना मनोविकारी लगता है वह! उसकी हरकतें कितनी खौफनाक और आपत्तिजनक रही होंगी कि सेविकाएं उसे देखकर घर के स्टोर रूम में छिप जाती थीं! यह देवगौड़ा परिवार का घर था अथवा कोई जबरन हरम था! बहरहाल नेताओं में यौन-उत्पीड़न का एक और मामला सार्वजनिक हुआ है, तो वह न्यायिक निष्कर्ष तक पहुंचना चाहिए। प्रथमद्रष्ट्या सब कुछ प्रज्ज्वल और उसके पिता रेवन्ना की काली करतूतों पर ही केंद्रित है। भारत सरकार ने तीन महत्वपूर्ण कानूनों में जो संशोधन कर एक नई न्याय प्रणाली बनाई है, तो उसी के तहत, अपराध के मुताबिक, दंडात्मक कार्रवाई भी की जानी चाहिए। लीपापोती और टालने की कुछ भी गुंजाइश नहीं है। कर्नाटक महिला आयोग ने इसे सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल करार दिया है। अब संस्कृति और धर्म-शास्त्रों की दुहाई देना भी छोड़ देना चाहिए कि देश में महिलाओं को देवी का दर्जा प्राप्त है। उनके बिना कोई भी यज्ञ सम्पन्न नहीं हो सकता।

जहां औरतों को पूजा जाता है, वहीं देवता वास करते हैं। यह भी भूल जाना चाहिए कि महिलाओं को पंचायत, स्थानीय निकायों, विधानसभा और संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने से उनका दर्जा बढ़ेगा और वे पुरुष के समकक्ष होती जाएंगी। इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए, क्योंकि इस अश्लील संदर्भ से साबित होता है कि घर की सेविकाएं भी उपभोग की वस्तु हैं। बेशक आजादी के साढ़े 76 सालों के बाद आधी आबादी की स्थिति में बहुत सुधार भी हुआ है। महिलाएं आज लड़ाकू विमान की पायलट और अंतरिक्ष उपग्रहों की वैज्ञानिक भी हैं, लेकिन गिनती की हैं। समाज आज भी पितृसत्तात्मक है। बेशक महिला मतदाता पुरुषों के बराबर आने वाली हैं और उनके वोट के लिए राजनीतिक दल और नेतागण हाथ जोड़ते रहते हैं, लेकिन बंद दीवारों में आज भी वे असहाय और मजबूर हैं। यदि घर की सेविकाएं ही सुरक्षित नहीं हैं, तो फिर किस कामकाजी औरत को सुरक्षित माना जा सकता है।

# पैसे और राजनीति का इश्क

डॉ. वरिंदर भाटिया

> जो नेता ईमानदार हैं और ईमानदारी से कार्य करते रहे हैं, उनके लिए राजनीति जनसेवा है, देशसेवा है। उदाहरण के लिए स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी, स्वर्गीय अटल जी इत्यादि जिनके ऊपर एक भी पैसे का दाग नहीं है। इन सबके अलावा आज और भी ऐसे ईमानदार नेता लोग हैं, लेकिन बहुत कम हैं। दरअसल, यह ध्यान में रखना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति के चुनकर आने का वास्तविक रहस्य समाज पर वैचारिक प्रभाव है।

कुछ मायनों में दिए गए कुछ तर्क ठीक हैं, लेकिन ध्यान रहे कि पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती। यह सिर्फ भ्रष्ट नेताओं के संदर्भ में सही होगा। जो नेता ईमानदार हैं और ईमानदारी से कार्य करते रहे हैं, उनके लिए राजनीति जनसेवा है, देशसेवा है। उदाहरण के लिए स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी, स्वर्गीय अटल जी इत्यादि जिनके ऊपर एक भी पैसे का दाग नहीं है। इन सबके अलावा आज और भी ऐसे ईमानदार नेता लोग हैं, लेकिन बहुत कम हैं। दरअसल, यह ध्यान में रखना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति के चुनकर आने का वास्तविक रहस्य समाज पर वैचारिक प्रभाव है। जिन विचारों का समाज पर अधिक प्रभाव रहता है, उन विचारों को मानने वाले व्यक्ति चुनावों में जीतकर आते रहते हैं और सत्ता भी उसी विचार को मानने वाली पार्टी के पास जाती हैं्र

चुनावी मौसम सुहावना हो रहा है, इस दिलकश माहौल में दौलत के तडके की संभावना का इंकार करना कठिन है। यूं भी राजनीति में पैसे का महत्व लगभग हमेशा से रहा है। बिरले ही बिना पैसे के मात्र अपने मेहनत, समाज सेवा, भाषण देने की कला के आधार पर सफल हुए। इस क्षेत्र में एजुकेशन का तो कोई महत्व नहीं है, हालांकि संविधान में सभी को बराबरी का हक है, लेकिन आज की राजनीति में जाति और धर्म का महत्व है जिससे जाति और धर्म के संख्याबल के आधार पर वोट बैंक की राजनीति हो सके। राजनीति और पैसे के इश्क की कहानी दिलचस्प है। चुनावी मौसम में अखबार, टीवी और होर्डिंग्स पर पार्टियों और प्रत्याशियों के विज्ञापनों की भरमार रहती है। लेकिन सवाल यह है कि इन पार्टियों के पास ये पैसा आखिर आता कहां से है? लेकिन कुछ महीने पहले एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें कहा गया कि देश की पांच राष्ट्रीय पॉलिटिकल पार्टियों को जो कुछ पैसा मिला, उसमें से 53 फीसदी रकम का स्त्रोत पता नहीं था। यानी ये अज्ञात स्त्रोतों से थी। पार्टियों की 36 फीसदी आय ज्ञात स्त्रोतों से आई थी और सिर्फ 11 फीसदी रकम ही मेंबरशिप फीस आदि से जुटाई गई। यानी पार्टियों के खजाने में बेनामी चंदे की भरमार है। चुनावी चंदे में पारदर्शिता के नाम पर व्यवस्था ने राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में तीन बड़े बदलाव किए। पहला, अब राजनीतिक पार्टियां विदेशी चंदा ले सकती हैं। दूसरा, कोई भी कंपनी कितनी भी रकम, किसी भी राजनीतिक पार्टी को चंदे के रूप में दे सकती है, और तीसरा, कोई भी व्यक्ति या कंपनी गुप्त रूप से चुनावी बॉन्ड के जरिए किसी पार्टी को चंदा दे सकती है।

हो सकता है पहले भी कुछ लोग राजनीति में सेवा के उद्देश्य से आते थे और आज भी कुछलोग सेवा के उद्देश्य से ही आते होंगे, लेकिन पहले भी अधिकांश लोगों ने सेवा के नाम पर राजनीति का फायदा दौलत समेटने के लिए किया है, और आज तो लगभग सभी लोग, इक्के-दुक्के को छोडकर राजनीति को पैसा कमाने का जरिया बना चुके हैं। विदेशों में पॉलिटिकल फंडिंग के अपने दस्तूर हैं। अमरीका में अलग-अलग तरह के डोनर्स के लिए अलग-अलग लिमिट




तय है। हालांकि थर्ड पार्टी पॉलिटिकल फंडिंग से जुड़े नियम ज्यादा सख्त नहीं हैं, लिहाजा बड़े पैमाने पर पैसा खर्च होता है। अमरीका में सिएटल के लोकल चुनावों में डेमोक्रेसी वाउचर का सिस्टम शुरू किया गया था। सरकार वोटरों को कुछ रकम के वाउचर देती है, जिसे वे अपनी पसंद के कैंडिडेट को चंदे में दे सकते हैं। ब्रिटेन में चंदे की कोई लिमिट नहीं है, लेकिन चुनाव खर्च की सीमा है। पार्टियां प्रति सीट 54 हजार पौंड (57.02 लाख रुपए) से अधिक नहीं खर्च कर सकतीं। यह सीमा पोलिंग डे से पहले के सालभर के दौरान हुए खर्च पर है। ब्रिटेन में किसी सिंगल सोर्स से कैलेंडर ईयर में 7500 पौंड (7.92 लाख रुपए) से ज्यादा रकम मिलने पर उसका खुलासा करना होता है। यूरोपियन यूनियन ने 2014 में यूरोप के राजनीतिक दलों की फंडिंग से जुड़े नियम बनाए थे। डोनेशन की लिमिट तय करने के साथ बड़ी रकम के खुलासे से जुड़े नियम बनाए थे। जर्मनी में पार्टियों को चुनाव लड़ने के लिए सरकार से पैसा मिलता है। पिछले चुनावों में मिले वोटों और पार्टी मेंबरशिप के आधार पर सरकारी फंडिंग होती है। जर्मनी में किसी सिंगल सोर्स से कैलेंडर ईयर में 10 हजार यूरो से अधिक रकम मिलने पर उसका खुलासा करना होता है। यह तो जगजाहिर हो चुका है कि देश में अधिकतर राजनीति का व्यापारीकरण हो गया है।

और यह व्यापार मुफ्त का व्यापार है, इसमें शानो शौकत है, मान और सम्मान है। कुछ पैसा लगाना पड़ता है तो उसका रिटर्न भी अच्छा मिलता है। राजनीति के जरिये पैसा बनाने वालों के अपने तर्क हैं। ये लोग कहते हैं कि क्यों न राजनीति के जरिये पैसे कमाएं, जब चुनाव लड़ने के लिए अथाह धन खर्च करना पड़ता है। ये भी नहीं है कि एक बार जीत गए तो पूरा जीवन नहीं लड़ना पड़ेगा। सिर्फ पांच साल ही मिलेंगे। चुनाव लड़ने के लिए थोड़ी तैयारी भी करनी पड़ती है। पता लगा कि मेहनत तो सारी कुएं में चली गई क्योंकि हाईकमान में मौजूद किसी असरदार नेता के चलते कोई दूसरा व्यक्ति टिकट ले गया। फिर निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ा तो खर्चा और मेहनत दुगना, और पार्टी से बगावत अलग। ये लोग यह भी कहते हैं कि चुनाव प्रचार के लिए गाड़ियों व कार्यकर्ताओं की फौज, गाड़ियों के लिए ईंधन और कार्यकर्ता के भोजन-दारू की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक नहीं तो कोई भी साथ नहीं चलेगा। चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं की लिस्ट व जातीय समीकरण के हिसाब से हर जगह सुबह 6 से रात 10 बजे प्रचार के लिए जाना कुछ क्षेत्र के ऐसे मतदाताओं की वोट तभी पक्की मानी जाती है जब उन्हें चुनाव से पहले की रात तक लगातार दारू की बोतल और उनके परिवार के अन्य सदस्यों की मांगें पूरी होती रहेंगी। चुनाव कार्यालय के आसपास एक ऐसी जगह फिक्स होती है जहां कार्यकर्ताओं के लिए खाने-पीने के लिए 24 घंटे का बाकायदा हलवाई बिठाकर पूरा बंदोबस्त रहता है।

कुछ कार्यकर्ताओं की भी फीस अलग अलग तरह की होती है। कई तो भाषण विशेषज्ञ होते हैं, नेता कुछ बोले, न बोले, वो नेता जी के लिए एक से बढ़कर एक विशेषण शब्द बोलते हैं। कुल मिला कर चुनाव में जुटे सारे कार्यकर्ता पैसे से ही बुलाए जाते हैं। अब इतना खर्च करके कौन वसूली नहीं करना चाहेगा। कुछ मायनों में दिए गए कुछ तर्क ठीक हैं, लेकिन ध्यान रहे कि पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती। यह सिर्फ भ्रष्ट नेताओं के संदर्भ में सही होगा। जो नेता ईमानदार हैं और ईमानदारी से कार्य करते रहे हैं, उनके लिए राजनीति जनसेवा है, देशसेवा है। उदाहरण के लिए स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी, स्वर्गीय अटल जी इत्यादि जिनके ऊपर एक भी पैसे का दाग नहीं है। इन सबके अलावा आज और भी ऐसे ईमानदार नेता लोग हैं, लेकिन बहुत कम हैं। दरअसल, यह ध्यान में रखना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति के चुनकर आने का वास्तविक रहस्य समाज पर वैचारिक प्रभाव है। जिन विचारों का समाज पर अधिक प्रभाव रहता है, उन विचारों को मानने वाले व्यक्ति चुनावों में जीतकर आते रहते हैं और सत्ता भी उसी विचार को मानने वाली पार्टी के पास जाती है। चुनाव जीतने के लिए विचारों का महत्व अधिक है। विचारों से आंदोलन होता है और आंदोलन से राजनीतिक दशा और दिशा बदलती है। इसलिए यह कहना कि राजनीति के लिए बहुत पैसा चाहिए, गैर-वाजिब ही है।

## अंचल

### दुकान ही नहीं अब तो गली-मोहल्ले में बिक रही है शराब...

# अस्पताल रोड पर मादक पदार्थ का बढ़ रहा कारोबार

**सारंगपुर**। शहर में गली मौहल्ले में अवैध शराब बेचने का धंधा खुलेआम चल रहा है। कोई घर में रखकर शराब बेच रहा तो कोई थड़ी लगाकर। ऐसा नहीं है कि पुलिस या आबकारी विभाग को इस बात की जानकारी नहीं है। बल्कि सूत्रों की माने तो यह अवैध शराब बेचने का धंधा इनकी मिलीभगत से ही फलफूल रहा है। जनचर्चा है की ऐसा ही एक मामला मंगलवार को कस्तूरबा छात्रवास के समीप ही देखने को मिला। जहां पर अवैध रूप से देशी अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर शराब ठेकेदार की टीम ने मौके पर जाकर देखा कि एक युवक अवैध



रूप से देशी शराब बेच रहा था। हाला की अवैध शराब कारोबारी लाइसेंस शराब ठेकेदार को देख रफूचक्कर होता दिखाई दिया। बता दे की आबकारी विभाग शहर में मादक पदार्थों की बिक्री पर लगाम नहीं लगा सका है। प्रशासन की उदासीनता से मादक पदार्थ के तस्करों के मनोबल बढ़े हुए है। गांजा स्मैक जैसे मादक पदार्थों की बिक्री से सभ्य लोग सहमे हुए है। वहीं युवा नशाखोरी के शिकार हो रहे है। तत्कालीन पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में गांजा व स्मैक के पूरे नेटवर्क को खंगालने का दावा किया था। लेकिन पुलिस अब तक क्षेत्र में सक्रिय तस्करों को चिन्हित भी नहीं कर पाई है। जानकारों की मानें तो अभी भी क्षेत्र में कई बड़े तस्कर सक्रिय है।

**दिन हो या रात यहां मिलती है शराब :**

स्थानीय वार्ड वासियों ने बताया कि यहां अवैध रूप से देशी शराब सुबह से देर रात तक मिलती है। जिससे कारण यहां लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं। लोगों ने बताया कि पिछले कुछ सालों से अवैध शराब बिक्री के बाद से मोहल्लों के लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर मीडिया को बताया कि यहां शराब के साथ गांजा भी बेचा जाता है। पुलिस को भी इस अवैध शराब के धंधे की शिकायत की गई है, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

**कार्रवाई करेंगे**

अगर शहर में कोई अवैध शराब का कारोबार कर रहा है तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे।
संतोष वांघेला थाना प्रभारी सारंगपुर

# आम नागरिक की ईमानदारी को पुलिस का सलाम एवं इनाम

खंडवा। शहर में केवलराम चौक पर श्रीमती संगीता बाई पति विनोद जाति भील उम्र 35 साल निवसी ग्राम बिलुद थाना पंधाना जिला खण्डवा आंगनवाडी सहायिका अपने कार्य से तथा बाजार करने खण्डवा आई थी, जो अपना बैग केवलराम चैराहा में किसी गाड़ी पर भूल गई। बैग में ज्वेलरी व अन्य सामान सहित लगभग डेढ लाख रुपए का सामान होना बताया । दिनांक 30.04.24 को थाना कोतवाली में बैग गुमने की सूचना श्रीमती संगीता बाई द्वारा दी गई, जिस पर से पुलिस कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीव्ही



के माध्यम से चेक कराने पर बैग केवलराम चौक के पास एक गाडी के उपर रखना दिखाई दिया और एक व्यक्ति द्वारा उसे ले जाकर डिग्रीलाल स्वीटस के संचालक को दिया गया। इसके उपरांत सीसीटीव्ही प्रभारी उनि अजय चैहान द्वारा डिग्रीलाल स्वीटस के संचालक से संपर्क किया गया, जो उनके यहां बैग मो. शमी उर्फ चीनी रंगरेज नि. भगतसिंह चौक खण्डवा द्वारा देना बताया गया, जिसे श्रीमति संगीता बाई को दिलाया गया। बैग के अंदर सभी कीमती सामान सुरक्षित पाये गये। पुलिस अधीक्षक खण्डवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा आम नागरिक मो. शमी उर्फ चीनी रंगरेज की ईमानदारी व सराहनीय कार्य के लिए 2100 रुपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही सीसीटीव्ही टीम के उनि अजय चैहान, म.प्रआर. कला गडरिया व आर. कुंदन के कार्य की प्रशंसा की गई।

# आदर्श मेघवाल समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

मोहन बड़ोदिया। आदर्श मेघवाल समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति चौमा द्वारा समाज के विवाह योग्य वर वधूओं का विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल 2024 को मंगलनाथ महादेव मंदिर शिव टोडा चौमा में संपन्न हो गया। सम्मेलन में कुल 43 जोड़ों ने दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। ज्ञातव्य हो कि आदर्श मेघवाल सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति विगत दो माह से सम्मेलन की तैयारियों में जुटी हुई थी। समिति के सदस्यों के अथक प्रयासों तथा समाज के तन मन धन से किए गए सहयोग की बदौलत सम्मेलन यादगार रूप से संपन्न हो गया। सम्मेलन में शाजापुर,आगर मालवा तथा राजगढ़ जिलों सहित मध्यप्रदेश से बाहर राजस्थान के दो जोड़ों (कोटा एवं हिम्मतगढ़) ने भी सम्मेलन में शादी संपन्न करवाई। सम्मेलन के




मुख्य अतिथि एवं प्रवचन कर्ता- संत स्वामी सत्यानंद महाराज रहे जिन्होंने सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधने वाले युगलों को आशीर्वचन दिए तथा समाज को प्रेरणादायक प्रवचन एवं संगीतमय भजनों से शमा बांध दिया। दूल्हा-दुल्हन की सप्तपदी रश्म पंडित लीलाधर जोशी द्वारा संपन्न करवाई गई। सम्मेलन स्थल पर बड़ी संख्या को दृष्टिगत रखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मोहन बड़ोदिया जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अमृतराज सिसोदिया तथा महिला बाल विकास विभाग मोहन बड़ोदिया से परियोजना अधिकारी पंकज कुमार दवे और सुपरवाइजर श्रीमती आशा जांगड़ा ने फ्लेक्स तथा संबोधन के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया और बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में आप सभी मतदाताओं को अपने वोट को बिना किसी दबाव और प्रभाव के जाति, धर्म, संप्रदाय, भाषा आदि से ऊपर उठकर के देश में सुख शांति समृद्धि तथा विकास के लिए मतदान करना है। सम्मेलन में वर वधु को उपहार स्वरूप आटाचक्की, दीवान, आलमारी, बिस्तर, कुलर, इंडक्शन चूल्हा, के अलावा बटलोई, गगरा, कुकर, थाली, कटोरी, चम्मच, बरतन आलमारी, सहित गृहस्थी का नाना प्रकार का सामान दिया गया।

# ईवीएम की कमिशनिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

खरगोन। लोकसभा चुनाव के लिये मतदान मशीनों को तैयार करने (कमिशनिंग) नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियो को जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। दो सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण में ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग के लिये नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया।

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा भी कमिशनिंग के प्रशिक्षण का जायजा लेने जिला पंचायत



पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कमिशनिंग का प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि वे प्रशिक्षण में कमिशनिंग के बारे में सभी तरह की बातें अच्छे से समझ लें। जिससे ईव्हीएम की कमिशनिंग के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो। कमिशनिंग का कार्य पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ करना है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रशिक्षण में कमिशनिंग की नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त श्री प्रशांत कुमार आर्य भी मौजूद थे। कमिशनिंग का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अमित शर्मा एवं श्री राजेश कानूनगो द्वारा दिया गया।

## ब्रीफ न्यूज़

### निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन



**धार।** गरीबो के मसीहा स्व.डॉ मनोहर सिंह ठाकुर जो की कोरोना काल में भी सतत अपनी सेवाए देते हुए स्वयंम उसकी चपेट में आने से असमय हमे छोड़ गये ।उनके इन्ही सेवा भाव के कार्यो को बनाये रखते हुए उनकी कर्म भूमि सेवालय क्लिनिक हटवाड़ा धार पर उनकी पुण्यतिथि पर डॉ मनोहर सिंह ठाकुर सेवालय ट्रस्ट द्वारा बुधवार को निः शुल्क स्वास्थ एव दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे सर्वप्रथम ट्रस्ट अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर (एडवोकेट)एव सेवालय क्लीनिक के चिकिस्तक डॉ सतीश कुमार हल्दकार सेवालय के वरिष्ठ कम्पोण्डर बाबू लाल जी द्वारा स्व ठाकुर के चित्र पर दिप प्रज्वलित करते हुये माल्यार्पण कर शिविर की शुरूआत की गई।जिसमे से सेवालय क्लिनिक के चिकिस्तक डॉ सतीश कुमार हल्दकार द्वारा लगभग 50 से अधिक रोगियों का निः शुक्ल जांच कर शुगर ,बी,पी,की जांच कर न्यूरोपेथी मशीन द्वारा भी जांच की गई।इस अवसर पर ट्रस्ट के ईश्वर सिंह ठाकुर,सोनू वसुनिया,विनीत खत्री,मोनू रजक,आशिक भाई, आशीष राठौर,सचिन पांडे,प्रखर सिंह ठाकुर,नरेंद्र ठाकुर,रोहन व्यास सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खंडवा संसदीय क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक आयोजित

**खण्डवा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए खण्डवा संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाये तथा मतदाताओं को आगामी 13 मई को खण्डवा संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए प्रेरित किया जायें।लोकसभा निर्वाचन की सभी कार्यवाही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का सख्ती से पालन करते हुए सम्पन्न की जाये। यह निर्देश खण्डवा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री देबाशीष दास ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री अनूप कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर.सी. खतेड़िया, बुरहानपुर, नेपानगर, सनावद, बड़वाह, बागली के एसडीएम व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ साथ जिले के पंधाना, मांधाता व खण्डवा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सामान्य प्रेक्षक श्री दास ने कहा कि मतदान दलों के साथ साथ वीडियोग्राफर्स, माइक्रो आब्जवर्स, वाहन चालक, बी.एल.ओ. सहित निर्वाचन कार्य में लगे अन्य सभी लोगों को उनके दायित्वों से संबंधित प्रशिक्षण अवश्य दिया जायें, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने बैठक में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि वे आयोग के प्रावधानों का अच्छी तरह अध्ययन करें तथा आयोग के निदेर्शों के अनुरूप कार्यवाही करें। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाएं देखें तथा जो भी कमियां पाई जाये उन्हें पूरा किया जाये। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि मतदान के दिन विभिन्न जानकारियां निर्धारित प्रारूप में समय समय पर तत्काल खण्डवा के कन्ट्रोल रूम को भेजी जायें, ताकि संसदीय क्षेत्र स्तर की जानकारी तैयार कर आयोग को समय पर भेजी जा सके।

### अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**अलीराजपुर।** नवागत माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर श्री सुरेश सिंह की अध्यक्षता में ए.डी.आर. भवन, जिला न्यायालय परिसर अलीराजपुर में अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुरेश सिंह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी देते बताया कि श्रमिक ना हों, तो राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता है। इन्हीं श्रमिकों के कार्य और कठिन परिश्रम का सम्मान करने के लिए प्रत्येक वर्ष 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस मनाया जाता है। श्रम दिवस का उद्देश्य श्रमिकों का सम्मान करना, उन्हें अपने अधिकारों से अवगत कराना और उनमें जागरूकता लाना है। किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में श्रमिक, कामगारों की अहम भूमिका होती है।

### जिले के समस्त बीएलओ को सौंपी वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड

**आलीराजपुर।** उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियांशी भंवर ने बताया कि जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्र 191 अलीराजपुर एवं 192 जोबट के समस्त बीएलओ को वोटर इनफार्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड सौंपी गई है । अलीराजपुर विधानसभा की वोटर इनफार्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड अलीराजपुर तहसीलदार श्री हर्षल बहरानी एवं नायब तहसीलदार श्रीमती मंजू डावर द्वारा 285 बीएलओ को एवं जोबट विधानसभा की सामग्री तहसीलदार श्री सुनील राणा द्वारा 325 बीएलओ को सौंपी गई।तहसीलदार श्री बेहरानी ने बताया की मतदाता को मतदान के समय वोटर इनफार्मेशन स्लिप के साथ पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पोस्ट ऑफिस और बैंक द्वारा जारी पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड, लेबर मिनिस्ट्री द्वारा जारी हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड, पेंशन कार्ड आदि में से कोई एक फोटो युक्त आईडी लाना अनिवार्य रहेगा।

**पिकअप में लोड कर बेचने की फिराक में थे आरोपी**

# कोतवाली पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जब्त किए 40 कट्टे लहसुन




**धार।** शहर के समीप ग्राम देदला में बीती दिनों हुई हजारों रुपए की लहसन चोरी का कोतवाली पुलिस ने पदार्फाश कर दिया। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जें से 40 कट्टे लहसन और एक पीकअप वाहन को जप्त किया है। आरोपी चुराए हुए लहसन को बेचने जा रहे थे इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल की रात्रि में ग्राम देदला में फरयिादी रामचरण के घर के सामने से 50-50 किलो के कुल 45 लहसन के कट्टे कीमती 98 हजार अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर लिए गए थे। रामचरण ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार के निर्देशन में सीएसपी रविन्द्र वास्केल के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी समीर पाटीदार द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।

30 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महू के तिन्छा गांव का रहने वाला रोहित चोरी किए गए लहसुन के कट्ट को बेचने के लिए अपनी महिंद्रा पीकअप में रखकर मंडी जाने की तैयारी कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रोहित को महू के तिन्छा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पुछताछ में रोहित ने विजय पिता कैलाश निवासी गुणावद, सावन पिता मुकेश निवासी मिजार्पुर, शुभम पिता मुकेश निवासी मिजार्पुर, रोहित पिता वासुदेव निवासी एकलदुना, आकाश पिता भेरुलाल निवासी गुणावद के साथ वारदात करना कबूली। पुलिस ने सभी आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर 40 कट्टे लहसुन और पीकअप वाहन को जप्त किया।

# भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के दे रहे हैं मंत्र



**बड़वाह।**- आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव के तहत मतदान होना है। जिसका प्रतिशत बढाने के लिए भारतीय जनता पार्टी हर स्तर पर तमाम प्रयास कर रही है। वही भाजपा नेता अपने अधीन कार्यकर्ताओ को बुथ स्तर पर अपनी पार्टी की योजनाओं का बखान कर भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के मंत्र दे रहे है। इसके लिए समय-समय पर अब बैठक का दौर जारी है। उल्लेखनीय है की सोमवार शाम करीब 7 बजे शहर के भाजपा कार्यकाल पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की बढ़े स्तर पर बूथ मैनेजमेंट की बैठक संपन्न हुई। जहा जनप्रतिनिधियों के साथ पार्टी के पदाधिकारी और समस्त बूथों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओ को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत जीत हासिल करने के उद्देश्य से अपने अपने बुथ पर कार्य करने के दिशानिर्देश दिए गए। वही सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को एक जुट होकर पार्टी हित में काम करने की बात कही। भाजपा कार्यालय में होने वाली बैठक में क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला भी शामिल हुए। जिन्होंने बैठक के दौरान कहा की विधानसभा चुनाव के दौरान जिन तीन पार्षदों ने अपनी ही पार्टी से दगाबाजी कर नंगा-नाच किया था। वह निष्कासित सदस्य अब किसी भी हाल में पार्टी में शामिल नही होंगे। यदि आज हमने उन्हें पार्टी में शामिल किया। तो आगे भी ऐसे लोग पार्टी के पीठ में छुरा गोपने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए ऐसे लोगो को अब पार्टी में शामिल नही किया जाएगा ताकि अगली बार इस तरह का कृत्य अपनी ही पार्टी के साथ कोई नही व्यक्ति ना करे।यदि अभी भी किसी व्यक्ति को अपनी ही पार्टी में रहकर गद्दारी करना है वह दूसरी पार्टी में जाने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा जो पार्टी का सगा है वही सचिन बिरला है उसी को ही सचिन बिरला का साथ मिलेगा। अभी लोकसभा चुनाव है आप सभी पूरे तन मन से पार्टी का काम करे। जो पार्टी का काम करेगा वही आगे पार्टी के पदो पर काबिज होगा। जबकि चुनाव के मतदान के बाद जो बूथ की लिस्ट आएगी उससे पता चलेगा की पार्टी के लिए किसने कितनी मेहनत की है। उसके अनुसार ही सबकी मेहनत नजर आयेगी। जो पार्टी का काम करेगा वही अपने काम के अनुरूप पार्टी के पदो पर आएगा। ऐसा नहीं है की सचिन बिरला को कोई बात मालूम नही पड़ती। जो पार्टी के पीट में छुरा घोपेगा उसे अब बक्शा नही जायेगा। आप लोग इस गलतफहमी में मत रहना की सचिन बिरला को पटा कर अपना काम करवा लेंगे। उन्होंने कहा की मुझे कांग्रेस पार्टी पसंद नही आई तो में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गया। मेने कांग्रेस से दगाबाजी कर भाजपा का साथ नही दिया। बल्कि भाजपा के साथ आकर भाजपा का साथ दिया है। और ये जो लोग भाजपा के साथ दगाबाजी कर रहे है उन्हे मेरा संदेश है की भाजपा नही जम रही कांग्रेस में चले जाओ। लेकिन किसी को भाजपा में रहकर गद्दारी नहीं करने दूंगा। जिन्होंने भाजपा से गद्दारी की उन्हें पार्टी में वापस भी नहीं आने दूंगा। फिर आप चाहे पार्टी में आने के लिए कही से भी किसी से भी जोर लगा लेना। आज हम सभी एक अच्छी और राष्ट्रीय हित में काम करने वाली पार्टी के साथ जुड़कर काम कर रहे है। इसलिए हम सब एक सिपाही के रूप में अपनी पार्टी में रहकर उस पार्टी के प्रति वफादारी रखते हुए ईमानदारी से काम करे ।

# टूर्नामेंट में बैटिंग करने उतरे पूर्व मंत्री जयवर्द्धन सिंह ने पहली बॉल पर लगाया छक्का




**सारंगपुर।** क्रिकेट टूनार्मेंट में बल्लेबाजी करने पहुंचे कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री जयवर्द्धन सिंह ने पहली ही बाल पर छक्का जमा दिया और क्रिकेट के खेल में अपनी प्रतिभा दिखाई। दरअसल पूर्व मंत्री जयवर्द्धन सिंह सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के पीपल्या पाल में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूनार्मेंट के अवसर पर मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने पिच पर पहुंचकर बल्ला थाम लिया। जयवर्द्धन सिंह ने जिस बल्ले को थामा था, उससे पहली ही गेंद पर उन्होंने छक्का जड़ दिया। इसके बाद श्रीसिंह के द्वारा प्रतियोगिता में मैच जीतने वाली टीम को बधाई दी। दरअसल प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला बुधवार रात्रि में है जिसमें विजेता टीम को 21 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार और जबकि उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये का द्वितीय नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सारंगपुर डा. हेमेंद्र सोलंकी, रमेश पप्पु कलमोदिया, मोहन पाल, प्रदीप सादानी, दुर्गेश सोमानी, महेश खाती, अखिलेश राठी, राधेश्याम भैसानिया, रामबाबू सेन, दिनेश पुरी सहित अनेक उपस्थित थे।

### कलेक्टर सिंह ने ली पेयजल समस्या और स्वीप गतिविधियों के संबंध में बैठक

खण्डवा - कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार रात्रि में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पेयजल समस्या एवं मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांव में जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल की समस्याओं का समाधान करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां भी पेयजल समस्या हो उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र में जिन वार्डों में पेयजल की समस्या है, उनमें तत्काल सुधार किया जायें। उन्होंने कहा कि विगत दिनों देखने में आया है कि बार-बार पाइप लाईन फूट जाती है, इसका विशेष ध्यान रखे। साथ ही जिन लोगों द्वारा पाइप लाईन को क्षतिग्रस्त की जा रही है उन पर कार्यवाही करें।

# सिंगोली तहसीलदार ने बैंक का लोन नहीं चुकाने पर मकान किया सीज



**सिंगोली।** बैंकों से लोन लेकर नहीं चुकाने वालों के लिए चेतावनी है कि समय पर ऋण नहीं चुकाने पर मकान सीज किया जा सकता है। तहसीलदार व केपरी ग्लोबर लिमिटेड बैंक के अधिकारी शनिवार को पुलिस जाब्ते के साथ जाकर सिंगोली तहसील क्षेत्र में एक मकान को सीज किया और उसका फिजिकल कब्जा प्राप्त कर लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार सिंगोली तहसील के ग्राम धनगांव में घनश्याम पिता बंशीलाल चौधरी ने केपरी ग्लोबल लिमिटेड बैंक द्वारा 26,87,074.82 लाख का लोन लिया गया था । उक्त राशि को ऋणी द्वारा समय पर अदा नही की जा रही थी ।ऋणी के डिफाल्टर होने के बाद कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर केपरी ग्लोबर लिमिटेड बैंक के अधिकारियों के साथ तहसीलदार राजेश कुमार सोनी ने घनश्याम पिता बंशीलाल चौधरी के धनगांव स्थित दो मकान जिस पर समन्धित बैक द्वारा लोन उठाया गया था ।उसे सीज कर दिया और कब्जा प्राप्त कर सील लगा दी गयी

# आसानी से रिश्ता तय कराने में मील का पत्थर साबित होगा मुस्लिम समाज का परिचय सम्मेलन




**शाजापुर।** सर्व मुस्लिम समाज का राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन शाजापुर के हाट मैदान स्थित अपना गार्डन में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से समाज के युवक-युवती शामिल हुए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए समिति के सरपरस्त डॉ. इकबाल गौरी ने कहा कि शाजापुर के युवा पत्रकार शफीक खान, अमजद खान और सलमान खान ने समाज हित में बेटा-बेटियों का आसानी से रिश्ता कराने के उद्देश्य से सम्मेलन करने का बेड़ा उठाया है यह बेहद सराहनीय कार्य है। वहीं सरपरस्त सज्जाद कुरैशी ने कहा कि समाज के लोग अपने बेटे और बेटियों के रिश्ते के लिए कई जगह जाते हैं। इससे समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। ऐसे में समाज में तीन युवाओं के द्वारा शुरू किया गया युवक-युवती परिचय सम्मेलन समाज के लोगों को एक मंच पर लाने के साथ ही आसानी से रिश्ता तय कराने में मील का पत्थर साबित होगा। शायर हनीफ राही ने कहा कि कई बेटा-बेटियों का रिश्ता तय होने में दिक्कतें आती हैं, जबकि परिचय सम्मेलन में लडका-लड़कियां शामिल होकर एक बेहतर रिश्ता आसानी से तलाश सकते हैं। डॉ. एआर खान ने कहा कि जिले में पहली इस तरह का आयोजन किया गया है जो बच्चों के रिश्तों की चिंता को खत्म करेगा। कार्यक्रम को सरपरस्त याकूब खां, समिति अध्यक्ष शफीक खान उपाध्यक्ष अमजद खान, एकता ग्रुप अध्यक्ष सै. वकार अली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ अजीज मंसूरी, हाजी अनीसउद्दीन आगर-मालवा, सरदार मूसा आजम खान, तरन्नुम खान, मिर्जा आबिद बेग, इमरान खान, आदिल वारसी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

**उपचार के दौरान वृद्ध ने तोड़ा दम, वाहन की तलाश कर रही पुलिस**

# टक्कर मार वाहन सहित फरार हुआ कार चालक



**शाजापुर।** नेशनल हाईवे 52 पर बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना पनवाड़ी क्षेत्र के किस्मत होटल के पास हुई। जब पनवाड़ी निवासी बाबूलाल पिता देवीलाल सड़क पार कर रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए डायल-100 की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान बाबूलाल की मौत हो गई। हादसे के वक्त वहां कुछ लोग मौजूद थे जिन्होंने कार का वीडियो भी बनाया। लेकिन वाहन चालक तेज रफ्तार के साथ कार सहित मौके से फरार हो गया। सुनेरा पुलिस द्वारा वीडियो के आधार पर उक्त वाहन चालक की तलाश की जा रही है। इधर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**16 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों के प्रवेश पर प्रतिबंध, कई शासकीय शिक्षक किरायों की बिल्डिंग में चलाते हैं कोचिंग सेंटर**

# शहर में बिना रजिस्ट्रेशन कोचिंग संचालकों पर होगी कार्रवाई

**सारंगपुर।** कोचिंग सेंटर के नाम से अघोषित रूप से चल रहे शिक्षण संस्थान, उनमें बच्चों पर पढाई का दबाव और स्कूल कालेजों में होने वाले डमी और फर्जी एडमिशन पर रोक लगाने के लिए अब सरकार ने हाल ही में कडे नियम लागू किए हैं। केंद्र सरकार ने जो नई गाइड लाइन तय की है उसके अनुसार अब कोई भी कोचिंग सेंटर संस्थान बिना परमिशन और इस लाइसेंस के इसे शुरू नहीं कर सकेगा। इन कोचिंग सेंटरों में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को एडमिशन भी नहीं दिया जा सकेगा। यही नहीं कोचिंग सेंटर मनमानी पीस भी नहीं वसूल कर सकेंगे। कोचिंग संस्थानों की निगरानी के लिए विभाग ने विश्वविद्यालयों के कुल सचिव कालेज प्राचार्यों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है।



**रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो होगा जुमार्नाः** कोचिंग सेंटरों का अब केंद्र सरकार की गाईड लाइन के अनुसार रजिस्टेशन कराना अनवार्य होगा। इसके बिना कोचिंग सेंटर शुरू नहीं किए जाएंगे। यही नहीं जो गाइडलाइन तय की गई है उसे मानना भी होगा। नियम और शर्तो का उल्लंघन होता पाया गया तो कठोर कार्रवाई के साथ जुमार्ना भी लगाया जाएगा। जानकारी के अनुसार पहले उल्लंघन पर 25 हजार, दूसरी बार गलती पाए जाने पर एक लाख और तीसरी बार की जांच में लगातार नियमों की अनदेखी के चलते संबंधित संस्था का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर विभागीय कार्रवाई के साथ बडा जुमार्ना भी उक्त संस्था को भरना पड सकता है।

### स्कूल कॉलेज पर होगा नियम लागू

बता दे की केंद्र सरकार की गाइड लाइन अनुसार ये नियम स्कूल व कॉलेज दोनों के विद्यार्थियों के लिए चलने वाले कोचिंग संस्थानों पर लागू होंगे। ज्ञात हो की शहर में इस समय दर्जनों कोचिंग सेंटर हैं। यहां ट्यूशन क्लास के नाम पर पूरा स्कूल लगाया जाता है। सूत्रों की माने तो स्कूल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र स्कूल में रेग्युलर एडमिशन लेते हैं लेकिन यहां से नदारद रहकर कोचिंग सेंटरों में दिन भर अपना जमावडा बनाए रखते हैं। कोचिंग सेंटरों का समय भी कई घंटो तक रखा जाता है। साथ ही इनमें कई नियमों को भी ताक में रखा जाता है। अब इन पर नकेल कसने की तैयारी सरकार कर रही है। कॉलेज प्राचार्य डा.ममता खोईया ने चर्चा में बताया कि कोचिंग सेंटर के विनियमन के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में दिए गए दिशा निर्देश का पालन जल्द ही सेंटरों से कराया जाएगा।

### बोले जिम्मेदार

शासकीय शिक्षक अगर कोचिंग पढा रहे है तो नियम विरुद्ध है, शासन के निदेर्शानुसार शहर में संचालित कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करेंगे। अगर बिना रजिस्ट्रेशन सेंटर पाया जाता है, तो विभागीय कार्रवाई करेंगे।

**बीएल सूर्यवंशी, बीईओ, सारंगपुर।**

केंद्र सरकार के निर्देश है की कोई भी कोचिंग संचालक बिना रजिस्ट्रेशन अपनी संस्था नही चलाए, हम बिना रजिस्ट्रेशन के चलने वाली कोचिंग सेंटरों की जानकारी जुटा रहे है। नियम विरुद्ध पाई जाने वाली संस्था पर कार्रवाई भी की जाएगी।

डा. ममता खोईया, प्राचार्य, शासकीय स्वामी **विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर।**

# मोदी बनें फिर पीएम, कभी कांग्रेस में रहे मिर्ची बाबा कर रहे हिमालय में विशेष अनुष्ठान



**भोपाल।** नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए मिर्ची बाबा इन दिनों हिमालय की धरती पर विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। मां भगवती कामाख्या के प्रसिद्ध उपासक श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज सात दिवसीय विशेष अनुष्ठान उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में कर रहे हैं। मिर्ची बाबा का यह विशेष अनुष्ठान भारतीय सनातन धर्म की बुनियाद को बचाए रखने, भारत को अखंड हिंदू राष्ट्र बनाने, भगवान श्री कृष्ण का मथुरा में भव्य मंदिर बनाने के लिए किया जा रहा है।

कभी कांग्रेस की विचारधार में विश्वास रखने वाले महामंडलेश्वर का मानना है कि इन्हीं सभी कार्यों और परंपराओं को देखते हुए सम्पूर्ण राष्ट्र को अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धर्म विरोधी है, सनातन विरोधी है, संत विरोधी है और गऊ विरोधी है। गिरि महराज ने नरेंद्र मोदी को एक बार फिर भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए मां भगवती कामाख्या का विशेष गोपनीय अनुष्ठान किया। सूत्रों के माध्यम से उक्त अनुष्ठान के वीडियो हाथ सामने आए हैं। उक्त विशेष अनुष्ठान के संबंध में महराज ने बताया कि एक बार फिर इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बनेंगे। उन्होंने यह दावा भी किया है कि इस बार 300 से ऊपर गारंटीड सीटें भाजपा को मिलेंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किए जा रहे विशेष अनुष्ठान में अनेक प्रकार की औषधियां, अनेकों प्रकार की सामग्रियां डाली जा रही हैं। यह मां कामाख्या का गोपनीय अनुष्ठान है।

वैराग्यानंद गिरी महराज ने देशवासियों से मतदान की अपील करते हुए कहा है कि आप अपना वोट डालने जरूर जाएं। सभी भारतवासी अपना वोट वहां डालें, जो सनातन की रक्षा कर सके, देश की रक्षा कर सके, संविधान की रक्षा कर सके, धर्म की रक्षा कर सके, संतों की भी रक्षा कर सके और मंदिरों की भी अनिवार्य सुरक्षा कर सके। गौरतलब है कि महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरी महराज का ह्रदय परिवर्तन तब हुआ, जब कांग्रेस ने श्रीराम का निमंत्रण ठुकरा दिया।

### महाराष्ट्र के अहमदनगर से एआईएमआईएम के परवेज अशरफी मुस्लिम पदाधिकारियों के दबाव के कारण हटे पीछे

# ओवैसी के उम्मीदवार ने वापस लिया नाम, पाक कट्टरपंथियों ने दी धमकी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के अहमदनगर से एआईएमआईएम के परवेज अशरफी ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। ऐसा बताया जा रहा है कि मुस्लिम समुदाय के कुछ पदाधिकारियों के भारी दबाव के कारण परवेज अशरफी को पीछे हटना पड़ा। मगर अब अशरफी के नामांकन वापस लेने के बाद उन्हें पाकिस्तान से धमकियां मिल रही हैं। इस सिलसिले में अशरफी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अशरफी ने दावा किया है कि उन्हें पाकिस्तान से कॉल आया है। ऐसे में भारतीय लोकसभा चुनावों पर पाकिस्तान के कट्टरपंथियों की पैनी नजर बनी हुई है। इससे साफ है कि अहमदनगर जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाली हलचलें उनकी नजरों से बच नहीं पाई है।

अहमदनगर से महायुति प्रत्याशी डॉ. सुजय विखे पाटिल और महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार नीलेश लंका के बीच मुकाबला है। एमआईएम पार्टी से जिला अध्यक्ष परवेज अशरफी ने अपनी उम्मीदवारी दाखिल की थी। इसके बाद इस बात पर चर्चा शुरू हो गई कि उनकी उम्मीदवारी से बीजेपी उम्मीदवार को फायदा होगा। मुस्लिम समुदाय के कुछ पदाधिकारियों ने नागर और छत्रपति संभाजीनगर के पदाधिकारियों के माध्यम से दबाव बढ़ाया। इससे अशर्फी ने अपना नामांकन वापस ले लिया।



### एआईएमआईएम के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई

ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के लिए इस सीट पर प्रतिष्ठा की लड़ाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में हैदराबाद के बाहर यह उनकी पार्टी की पहली जीत थी। जिसे ओवैसी की पार्टी ने नाक का सवाल बना लिया है। इसके अलावा दोनों शिवसेना में बहुत कुछ दांव पर है। यह विभाजन के बाद मुंबई के बाहर दोनों गुटों की पहली चुनावी परीक्षा है। जहां 1990 के दशक की शुरूआत से ही बाल ठाकरे ने अपने पैर जमाए लिए थे।

### शिंदे सेना ने कैबिनेट मंत्री संदीपनराव भूमरे को मैदान में उतारा, शिवसेना यूबीटी ने खैरे पर भरोसा जताया

वहीं संभाजीनगर की बात करें तो कांग्रेस और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) ने चार बार के सांसद चंद्रकांत खैरे पर भरोसा जताया है। खैरे 2019 में एआईएमआईएम के इम्तियाज जलील से सिर्फ 4,492 वोटों से हार गए थे। वहीं शिंदे सेना ने कैबिनेट मंत्री संदीपनराव भूमरे को मैदान में उतारा है, जो पैठण से विधायक हैं। मगर इस सीट का सिरमौर कौन बनेगा यह स्थिति मराठा और ओबीसी वोटर्स द्वारा ही साफ हो सकेगी। शिंदे की शिवसेना के लिए फिलहाल यह सीट इसलिए मुश्किल है क्योंकि मराठा आरक्षण और विरोध के बाद राज्य सरकार द्वारा उन्हें दी गई रियायत ने ओबीसी के एक खास वर्ग को नाराज कर दिया। उन्हें आरक्षण में अपना हिस्सा खोने का डर है। इससे दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा हो गई है। जो मराठवाड़ा क्षेत्र में एक प्रमुख मुद्दा हो सकता है।

# हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर एक मंच पर आए सीडीएस, सैन्य सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान मंगलवार को हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा पर आयोजित एक वर्चुअल सम्मेलन में शामिल हुए। इस सम्मेलन का आयोजन अमेरिका की इंडो पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो ने किया। इस सम्मेलन में 27 देशों के वरिष्ठ सैन्य कमांडर शामिल हुए। इस वर्चुअल सम्मेलन में सैन्य सहयोग बढ़ाने, साझा सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग, हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही उद्देश्यों की पूर्ति संबंधी समीक्षा भी की गई।

हिंद प्रशांत महासागर का क्षेत्र अमेरिका की सामरिक रणनीति का केंद्र है और अमेरिका इस क्षेत्र में भारत के साथ व्यापक सहयोग का हिमायती है। हिंद प्रशांत महासागर में चीन का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से अमेरिका इस क्षेत्र के देशों के साथ लगातार सहयोग बढ़ा रहा है। वर्तमान में हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में 38 देश शामिल हैं, जो दुनिया के कुल सतह क्षेत्र का 44 प्रतिशत हैं। यहीं पर दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी रहती है और आर्थिक तौर पर बात करें तो दुनिया की कुल जीडीपी में से 62 प्रतिशत हिस्सा हिंद प्रशांत क्षेत्र से ही आता है। दुनिया के कुल व्यापार का 46 प्रतिशत यहीं से होता है। समुद्र के जरिए होने वाले कुल व्यापार का 75 प्रतिशत इसी इलाके से होकर गुजरता है और यहां के बंदरगाह दुनिया के सबसे व्यस्त बंदरगाह हैं। यही वजह है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा जोर पकड़ रही है। ऐसे में अमेरिका भारत और अन्य सहयोगी देशों के साथ मिलकर हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपना दबदबा बनाना चाहता है। चीन भी इसी कोशिश में लगा है।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग का एक्शन

# तेलंगाना के पूर्व सीएम के प्रचार पर लगा 48 घंटे का बैन



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर तेलंगाना के पूर्व सीएम और बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव को 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया है। अस्थायी रोक आज रात 8 बजे से शुरू होगी। आयोग ने कांग्रेस नेता जी निरंजन द्वारा दायर एक शिकायत के आधार पर यह फैसला लिया, जिसमें बीआरएस नेता पर कांग्रेस के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था।

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि आयोग बीआरएस के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव को आदर्श आचार संहिता उल्लंघनों से जुड़े मामले के मद्देनजर उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 का हवाला देते हुए के चंद्रशेखर राव को आज रात 8 बजे से 48 घंटे के लिए किसी भी सार्वजनिक बैठक, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैलियां, शो और साक्षात्कार, मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया) में सार्वजनिक भाषण देने से रोक दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि पांच अप्रैल को सिरसिल्ला में संवाददाता सम्मेलन में राव की टिप्पणी आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और उसके परामर्श का उल्लंघन थी। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के बाद, राव दूसरे नेता हैं जिन पर मौजूदा लोकसभा चुनाव में प्रचार करने पर 48 घंटे का प्रतिबंध लगाया गया है।

### दो हफ्तो में गुआंग्डोंग प्रांत के हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि से बाढ़ जैसे हालात

# चीन में बारिश से ढहा एक्सप्रेस वे, 24 लोगों की मौत



**गुआंग्डोंग।** बारिश प्रभावित दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में बुधवार तड़के एक एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा टूट जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। चीन की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। यह घटना तब हुई, जब देश में पांच दिवसीय मजदूर दिवस की छुट्टी थी।

गुआंग्डोंग प्रांत के मीझोउ शहर की प्रशासन के अनुसार, घायल अन्य 30 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी घायलों की हालत स्थिर बतायी जा रही है। यह हादसा मेइझोउ में मेइझोउ-डाबू एक्सप्रेसवे पर देर रात करीब 2:10 बजे हुआ। अधिकारियों ने कहा कि एक्सप्रेसवे का 17.9 मीटर लंबा हिस्सा टूट गया। हादसा होते ही करीब 20 गाड़ियां नीचे गिक गईं, जिसमें 54 लोग फंस गए।

चीनी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते दो हफ्तो में गुआंग्डोंग प्रांत के हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई है, जिससे बाढ़ जैसे पैदा हालात हो गए हैं। मीझोऊ के कुछ गांवों में अप्रैल में बाढ़ आई और हाल के दिनों में शहर में भारी बारिश हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने सड़क का हिस्सा ढहने के तुरंत पहले ही वहां से गुजरते समय तेज आवाज सुनी और अपने पीछे कई मीटर चौड़ा गड्ढा बनते देखा।

चीन के स्थानीय मीडिया द्वारा दिखाए गए वीडियो और तस्वीरों में घटनास्थल पर धुंआ और आग दिखाई दे रही है। आग की लपटों में राजमार्ग पट्टी नीचे की तरफ झुक रही है। राजमार्ग से नीचे की ओर जाने वाली ढलान पर ध्वस्त हो चुकी कारों का ढेर भी देखा जा सकता था। सड़क के टूटे हुए हिस्से के साथ ही राजमार्ग के नीचे की जमीन भी धंसी हुई दिखाई दे रही है। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी के मुताबिक बचावकर्मियों ने 30 लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

# दिल्ली पुलिस के सामने पूछताछ के लिए पेश नहीं होंगे तेलंगाना के सीएम



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से जुडे डीपफेक मामले से जुड़े तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी और चार अन्य नेताओं के कानूनी सलाहकार को दिल्ली पुलिस ने तलब किया था। उन्होंने दिल्ली पुलिस के सामने पेश होने के लिए कुछ समय मांगा है। वहीं आईएफएसओ झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उन्हें 2 मई को हर हाल में उपस्थित होने को कहा गया है। दिल्ली पुलिस एक फर्जी वीडियो प्रसार की जांच कर रही है। यह वीडियो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का है, जिसमें वे यह कह रहे हैं कि भाजपा आरक्षण के खिलाफ है। इसके बाद भाजपा ने इस वीडियो को फर्जी बताया। साथ ही यह आरोप भी लगाया कि दक्षिण राज्य के कई नेता इसे प्रसारित कर रहे हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी समेत चार अन्य को फोरेंसिक जांच के लिए 1 मई को बुलाया था। जिसमें उनसे मोबाइल हैंडसेट और लैपटॉप भी मंगवाया गया था।

# यूएन मुख्यालय में गूंजेंगी महिला सरपंचों की आवाज

**नई दिल्ली।** देश की 14 लाख महिला सरपंचों में से आंध्र, त्रिपुरा और राजस्थान की तीन महिला सरपंच यूएन मुख्यालय में भारत के शासन में महिलाओं की भूमिका पर अपनी बात रखेंगी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी मिशन ने पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से एक आयोजन कर रही है। यह सतत विकास के लक्ष्य, एसडीजी का स्थानीयकरण-भारत में स्थानीय शासन में महिलाएं विषय पर चर्चा है, जो 3 मई, 2024 को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय सचिवालय भवन में आयोजित होगा।

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता ने सुदुर वादियों में महज 600 स्वयं सहायता समूहों को 10 गुना बढ़ाकर 60 हजार महिलाओं को उसमें जोड़ा।?वह फूल मेकिंग, मछली पालन, पशुपालन और पोल्ट्री का काम करके लगातार बढ़ रही बहनों के कुनबे को संभाल रही है और लगातार इसे और आगे बढ़ाने में प्रयासरत है।

### जर्नल अर्थ्स फ्यूचर में हुआ खुलासा

### 2 लाख 50 हजार एकड़ क्षेत्र को शहरी या कृषि भूमि में बदला

# सुधार के नाम पर दुनियाभर में बदल दिए गए 44 फीसदी नदियों के मुहाने

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बांधों और भूमि सुधार परियोजनाओं ने ढाई लाख एकड़ क्षेत्र में मौजूद मुहाने को शहरी क्षेत्रों या कृषि भूमि में बदल दिया है। यह क्षेत्र आकार में मैनहट्टन से करीब 17 गुना बड़ा है। भू-सुधार के तहत भूमि से पानी को सुखाना और तलछट जमा करना शामिल है। वैश्विक स्तर पर 44 फीसदी नदी मुहानों को बदल दिया गया है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित तेजी से विकसित होते देश हो रहे हैं। अध्ययन जर्नल अर्थ्स फ्यूचर में प्रकाशित हुआ है।

शोधकताओं ने वैश्विक स्तर पर नदियों के 2,396 मुहानों का अध्ययन किया है, जिनका मुंह (अगला भाग) 90 मीटर से अधिक चौड़ा था। इसके लिए 1984 से 2019 तक लैंडसैट से प्राप्त रिमोट सेंसिंग आंकड़ों की मदद ली गई है। इन मुहानों के 1,027 वर्ग किलोमीटर यानी 2 लाख 50 हजार एकड़ क्षेत्र को शहरी या कृषि भूमि में बदल दिया। इनमें से करीब आधे यानी 47 फीसदी मुहाने एशिया में स्थित हैं।



### विकासशील देशों ने खोई सबसे अधिक जमीन

शोध में पाया कि विकासशील देशों ने मुहानों के सबसे अधिक क्षेत्र को खोया, जो इस दौरान भूमि-उद्धार के करीब 90 फीसदी (923 वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र के बराबर है। जब कोई देश मध्यम आय की राह पर अग्रसर होता है तो वह अक्सर विकास की गति को और तेज करना चाहता है।

बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका के लिए सरकार ने दी मंजूरी

# छह देशों को 99150 मीट्रिक टन प्याज निर्यात करेगा भारत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने छह देशों, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम अनुमानों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए लिया गया है। निर्यात की सुविधा के लिए, नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) को इन देशों को प्याज निर्यात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एनसीईएल प्रतिस्पर्धी कीमतों पर ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से घरेलू उत्पादकों से प्याज इकट्ठा करेगा। इस प्याज की आपूर्ति नामित एजेंसियों या गंतव्य देशों की एजेंसियों को बातचीत के आधार पर तय की दरों पर 100 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के साथ की जाएगी। महाराष्ट्र, देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक होने के नाते, निर्यात के लिए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता होगा। इसके अलावे, सरकार ने 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। इसका उत्पादन विशेष रूप से मध्य पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों में निर्यात करने के लिए किया जाता है। सफेद प्याज की उत्पादन लागत बीज की ऊंची कीमत और अच्छी कृषि पद्धतियों को अपनाने के कारण सामान्य प्याज की तुलना में अधिक होती है।



### सरकार ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी

भारत सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी गई है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सफेद प्याज का निर्यात करने वाले निर्यातक को सामान और सामान की मात्रा को प्रमाणित करने के लिए गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात के लिए कुछ बंदरगाहों के नाम तय किए गए हैं। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी होता कि तय किए गए बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है। सरकार द्वारा निर्यात के लिए मुंद्रा बंदरगाह, पिपावाव बंदरगाह और न्हावा शेवा (जेएनपीटी) बंदरगाह के नाम तय किए गए हैं।

### तय मात्रा में शिपमेंट की अनुमति

अधिसूचना में आगे बताया गया है कि राजनीतिक रूप से संवेदनशील वस्तु प्याज के निर्यात पर सामान्य तौर पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन मित्र राष्ट्रों के अनुरोध पर सरकार द्वारा एक तय मात्रा में इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय, वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा है, जो आयात और निर्यात से संबंधित मानदंडों को तय करती है। बता दें कि आठ दिसंबर 2023 को सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर काबू करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस कदम के बाद प्याज की कीमत घट गई थी।

## केंट आरओ सिस्टम्स के सीएमडी महेश गुप्ता बोले- चुनौतियों को अवसर बनाएं तो जरूर मिलेगी सफलता

**नई दिल्ली।** वॉटर प्यूरीफायर बनाने वाली कंपनी केंट आरओ सिस्टम्स एक जाना-पहचाना नाम है। आज इसके पोर्टफोलियो में वॉटर सॉफ्टनर, किचन अप्लायंसेस, एयर प्यूरीफायर, वैक्यूम क्लीनर, हेल्दी कुकवेयर और होम एंड हाइजीन समेत कई उत्पाद हैं। करीब 1,200 करोड़ रुपये की कंपनी देश के साथ विदेश में भी अपने उत्पाद बेचती है। कंपनी के संस्थापक एवं सीएमडी डॉ. महेश गुप्ता ने बताया कि इस सफर में मुश्किलें तो आईं, लेकिन हमने उन्हें अवसर के रूप में देखा। पानी खराब था, यह मेरे लिए सबसे बड़ा अवसर था। अगर पानी खराब ही नहीं होता तो मैं इस बिजनेस में नहीं होता। दूसरा...पानी को शुद्ध बनाकर लोगों तक कैसे पहुंचाया जाए, इस पर अध्ययन ही नहीं हुआ। यह हमारे लिए एक और अवसर था। अगर मार्केट बहुत प्रतिस्पर्धी होता है, जहां चार-पांच कंपनियां पहले से हों तो वहां जगह बनाने में काफी समय लगता है। लेकिन, इस बिजनेस में ऐसा नहीं था और हमें खाली मैदान मिला। एक वातावरण मिला, जिसमें हम रिसर्च कर पाए। नई चीजें लेकर आए। इससे लोगों में कंपनी के प्रति भरोसा पैदा हुआ, जो कायम है। हमने जो भी उत्पाद बनाए, उसमें इनोवेशन व गुणवत्ता का ध्यान रखा गया। हार्ड पानी की समस्या थी, हम सॉफ्टनर लेकर आए। किचन अप्लायंसेस लेकर आए। वेजिटेबल क्लीनर लाए। हमारा मकसद लोगों को स्वास्थ्य के लिहाज से बेहतर उत्पाद मुहैया कराना था न कि सिर्फ लाभ कमाना। जहां तक विस्तार की बात है तो मेरा मानना है कि लोगों को वो सुविधाएं दी जाए, जो उन्हें नहीं मिलती है। हम अपने उत्पाद उनके सामने पेश करते रहेंगे। उन्हें पसंद आया तो हम भी विस्तार करते रहेंगे।

नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई

## डीजीसीए ने विस्तारा के प्रशिक्षण प्रमुख को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** देश के विमानन नियामक डीजीसीए ने बोइंग 787 पायलटों के लिए एयरलाइन की प्रशिक्षण प्रक्रिया में कमियों का पता लगाने के बाद विस्तारा के प्रशिक्षण प्रमुख विक्रम मोहन दयाल को निलंबित कर दिया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस कार्रवाई से पहले एयरलाइन को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस मामले में विमानन नियामक की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।




नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ पायलटों के प्रशिक्षण में कथित खामियों की जांच की थी। इस कन्वर्जन ट्रेनिंग के बाद पतली बॉडी वाले विमानों के पायलट चौड़ी बॉडी वाले विमान भी उड़ा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार डीजीसीए को इस प्रशिक्षण में खामियां मिली और जांच के बाद नियामक ने एयरलाइन के प्रशिक्षण प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया।

डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि नियामक ने यह कदम तब उठाया जब पाया गया कि विस्तारा की ओर से एयरबस ए320 पायलटों को बोइंग 787 विमान उड़ाने का प्रशिक्षण देने के दौरान जीरो फ्लाइट टाइम ट्रेनिंग (जेडएफटीटी) से जुड़े नियमों का पालन नहीं किया गया।

## रेलयात्री मोबाइल एप के माध्यम से ट्रेन के साथ प्लेटफॉर्म का भी ले सकेंगे टिकट

**भोपाल।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यूटीएस आन मोबाइल एप में यात्रा टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट के लिए बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध समाप्त कर दिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इससे अब रेल उपयोगकर्ता घर बैठे ही भारतीय रेल के किसी भी स्टेशन से किसी भी स्टेशन के लिए अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट बुक कर सकते हैं, जबकि जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा अपरिवर्तित रहेगी अर्थात केवल स्टेशन परिसर के बाहर से ही टिकट बुकिंग की अनुमति रहेगी।



अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन वाले स्मार्ट फोन के जरिए अनारक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इस सुविधा से रेल यात्री अनारक्षित टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में लगने से बच सकते हैं और वह अपने मोबाइल से आसानी से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं।

## मोयरा सरिया जुड़ा फिल्म श्रीकांत के प्रमोशन से



01 मई 2024 को अभिनेता राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म श्रीकांत के प्रमोशन के लिए इंदौर आये, जहाँ उन्होनें सायाजी होटल मे मूवी के प्रमोशन के उपलक्ष में मीट एंड ग्रीट का प्रोग्राम रखा जिसमे मोयरा ग्रुप को आमंत्रित किया । इस आमंत्रण में मोयरा ग्रुप के डायरेक्टर श्री संदीप जैन जी, श्री अमित किशनपुरिया जी एवं आशीष जालान जी व मोयरा ग्रुप के डिस्ट्रीब्यूटर - योगेश गर्ग जी, दीपक शाह जी, विनोद निमाडिया जी , कमल राठी जी व नीरज वर्मा जी शामिल हुए। सभी ने फिल्म का ट्रेलर देखा और अभिनेता राजकुमार राव की एक्टिंग की प्रशंसा की मोयरा सरिया फिल्म श्रीकांत के प्रमोशन के साथ जुड़ा हुआ है एवं स्पोंसर भी है ।



दिल्ली कैपिटल्स के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

# 15 सदस्यीय टीम में शामिल ऋषभ पंत ने घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जोरदार वापसी के बाद मंगलवार को राष्ट्रीय टीम में वापसी की, उन्हें टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। पंत ने मौजूदा आईपीएल सीजन में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, 11 पारियों में उनके नाम 398 रन हैं। वह वर्तमान में दिल्ली कैपिटल्स के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और कुल मिलाकर पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

16 महीने पहले एक घातक कार दुर्घटना के बाद, पंत को 2023 में खेल से एक साल की लंबी अनुपस्थिति का सामना करना पड़ा। उनकी रिकवरी यात्रा के दौरान, जिसमें रिहैबिलिटेशन एफर्ट शामिल थे, विकेटकीपर-बल्लेबाज को दुर्घटना से उत्पन्न शारीरिक सीमाओं का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, पंत की रिकवरी में शामिल एक प्रमुख व्यक्ति की जानकारी से पता चला कि उनकी रिकवरी प्रक्रिया में सहायता के लिए उन्हें पसंदीदा भोजन से भी समझौता करना पड़ा। एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि उन्होंने दिसंबर के अंत से कैलोरी की कमी वाला भोजन अपनाया। यदि उसका शरीर प्रतिदिन 1400 कैलोरी की मांग करता था, तो उसे लगभग 1000 कैलोरी दी जाती थी। यह उनके लिए कठिन था क्योंकि उन्हें मैच फिटनेस हासिल करने के लिए बहुत कड़ी ट्रेनिंग करनी पड़ी और अपने घायल दाहिने पैर की मांसपेशियों को मजबूत करना पड़ा।



### गोवा की भिन्डी उनकी पसंदीदा में से एक

रिपोर्ट में बताया गया है कि पंत को बिरयानी और फ्राइड चिकन के अलावा रसमलाई (एक मीठा व्यंजन) भी छोड़ना पड़ा। पिछले चार महीनों में पंत ने 16 किलो वजन कम किया है। उन्होंने बताया कि, ह्यपंत अपने भोजन में स्वाद चाहते थे। इसीलिए जब वह एनसीए में थे तो वह किसी होटल के बजाय बेंगलुरु में एक किराए के घर में रहने लगे। उन्हें घर का बना खाना पसंद था। उन्हें केवल 5 मिलीलीटर अतिरिक्त जैतून का तेल लेने की अनुमति थी। वह चिकन के प्रति अपना प्रेम नहीं छोड़ सके। तो इतने तेल में इसे बनाने की विधि निकाली गई। गोवा की भिन्डी उनकी पसंदीदा में से एक थी।

## रिंकू के परिवार का सपना टूटा, पिता बोले- हम मिठाई-पटाखे लेकर आए थे

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप के लिए उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज रिंकू सिंह सिलेक्शन के मजबूत दावेदार थे लेकिन उनको जगह नहीं मिली। इससे रिंकू के परिवार वाले बहुत निराश हैं। उनके पिता खानचंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा- हम मिठाई और पटाखे लेकर आए थे। हमें पूरी उम्मीद थी कि बेटा वर्ल्ड कप खेलेगा। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। मिठाई-पटाखे रखे रह गए।



रिंकू को 15 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। वे रिजर्व प्लेयर शामिल किया गए है। यानी मुख्य स्क्वॉड का कोई खिलाड़ी अगर खिलाड़ी चोटिल होता है तो रिंकू को जगह मिल सकती है। खानचंद्र ने कहा, उम्मीदें तो बहुत थी और इसलिए थोड़ा दुख भी है। हम जश्न मना रहे थे, क्योंकि हमने सोचा था कि रिंकू टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में होगा। उसका दिल तो टूटा है। उसने अपनी मां से बात की और बताया कि उसका नाम 11 या 15 में नहीं है। यह भी बताया कि वो रिजर्व के तौर पर वेस्टइंडीज-अमेरिका जा रहा है। रिंकू के परिवार में 5 भाई हैं। उनके पापा सिलेंडर डिलीवरी का काम करते थे। रिंकू ने दैनिक भास्कर को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि सारे भाई बाइक पर 2-2 सिलेंडर रखकर होटलों और घरों में डिलीवर करने जाते थे।

### रिंकू का इंटरनेशनल टी-20 में 176 का स्ट्राइक रेट

रिंकू सिंह टी-20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से खेलते हुए 15 मैचों में 356 रन बना चुके हैं। टीम में उनका स्ट्राइक रेट 176 का है। दुनिया के नंबर-1 टी-20 बैटर सूर्यकुमार यादव का भी स्ट्राइक रेट (171.55) उनसे कम है। रिंकू ने साल 2023 में आयरलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। वहीं, उन्होंने आखिरी मैच इसी साल जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था।



## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हो गए नडाल, बोले- जिंदगी और मेरा शरीर संकेत दे रहा

**मैड्रिड।** सबसे ज्यादा 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए। दरअसल, इस टूर्नामेंट और इस कोर्ट में वह आखिरी बार खेल रहे थे। पांच बार के मैड्रिड ओपन चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7-5, 6-4 से हराया।

हार के बाद नडाल ने कहा- यह मेरे लिए मुश्किलों भरा दिन है, लेकिन यही हकीकत है । मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-7, 7-6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। वहीं, शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5-7, 6-3, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7-6, 6-4 से हराया।

महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को 4-6, 6-0, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की 18वीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस से होगा। मेडिसन ने आठवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 0-6, 7-5, 6-1 से हराया।

जेपी अस्पताल में देर शाम तक ओपीडी में लगी रही कतार, मेडिसिन विभाग में एक दिन में आए 382 मरीज

# बच्चों के बेड फुल, बढ़ती गर्मी से उल्टी-दस्त के बढ़े मरीज

**सबसे अधिक मामले बच्चों में वायरल, डायरिया, निमोनिया और उल्टी दस्त के**

**गले में खराश, जुकाम, खासी, बदन दर्द और बुखार के मरीज ज्यादा**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल बढ़ती गर्मी के कारण के जेपी अस्पताल के ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसमें मेडिसिन विभाग में अकेले 382 मरीज आए। ये आकड़ा मंगलवार का है। इसमें बीमार बच्चों की संख्या भी बढ़ गई है। हालात यह है कि बच्चों के बेड फुल हो चुके हैं। राजधानी में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है दिन में तेज धूप के अलावा निर्माण कार्य के चलते धूल और वायु प्रदूषण के कारण गले में खराश, जुकाम, खासी, बदन दर्द और बुखार, अस्थमा अटैक जैसे मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही छोटे बच्चों में वायरल के साथ उल्टी दस्त और पानी की कमी के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। राजधानी भोपाल में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है दिन में तेज धूप के अलावा निर्माण कार्य के चलते धूल और वायु प्रदूषण के कारण गले में खराशए जुकामए खासीए बदन दर्द और बुखार, अस्थमा अटैक जैसे मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही छोटे बच्चों में वायरल के साथ उल्टी दस्त और पानी की कमी के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं।




### जेपी अस्ताल में आने वाले मरीजों की संख्या

इमरजेंसी-274
दंत रोग-48
नाक-कान-गला-55
सर्जरी विभाग-72
होम्यापैथिक- 02
मेडिसिन व जनरल मेडिसिन-382
स्त्री रोग विभाग-64
नेत्र रोग विभाग-68
अस्थिरोग विभाग-124
शिशु रोग विभाग-110
मनोचिकित्सक विभाग-05

### डायरिया की संख्या ज्यादा

जेपी अस्पताल शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर पीयूष पंचरत्न ने बताया कि वर्तमान में सबसे अधिक मामले बच्चों में वायरल, डायरिया, निमोनिया और उल्टी दस्त के आ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे गर्मी से हो रहे हैं। यह सीजनल रोग है इसमें सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। पिछले कुछ दिनों में बच्चों की ओपीडी संख्या 70 से बढ़ाकर 160 के पार पहुंच गई है। इसमें डायरिया की संख्या ज्यादा है। इसके लिए अभिभावकों को सलाह दे रहे हैं कि वह अपने बच्चों को बाहर लेकर नहीं जाएं। साथ ही ओआरएस का सेवन कराएं।

### इनका कहना है

बढ़ती गर्मी के चलते अस्पताल में उल्टी दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं। समय-समय पर बच्चों को पानी पिलाएं, जिससे उन में पानी की कमी ना हो सके। कमरे के तापमान को सामान्य बनाए रखें। रात को तेज ऐसी में बच्चों को ना सुलाएं। बच्चों का स्वास्थ्य जरा सा भी बदलाव देखे तो डाक्टर को दिखाएं, जिससे समय रहते बीमारी को फैलने से रोका जा सके। **डॉ. राकेश श्रीवास्तव,** सिविल सर्जन, जेपी अस्पताल

डॉक्टरें की कमी से मरीज परेशान, दो साल पहले तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा पर अब तक अमल नहीं

# गांधीनगर स्वास्थ्य केंद्र को नहीं मिला सिविल अस्पताल का दर्जा

**भोपाल।** शहर के गांधीनगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा अभी तक नहीं मिल सका है। क्षेत्र की बढ़ती आबादी के बावजूद चिकित्सकों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इससे मरीजों को प्राथमिक उपचार भी नहीं मिल पा रहा है। मरीज आए दिन परेशान हो रहे हैं।

करीब पांच साल पहले इस स्वास्थ्य केंद्र में सात डाक्टर पदस्थ थे। यहां मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए तीन अतिरिक्त डाक्टरों की पदस्थापना करने का प्रस्ताव बनाया गया था, लेकिन पद बढ़ाना तो दूर स्वीकृत पद भी नहीं भरे जा रहे है। वर्तमान में यहां ब्लाक मेडीकल आफिसर सहित मात्र तीन डाक्टर हैं। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 200 मरीज पहुंचते हैं। कई बार उन्हें वापस लौटना पड़ता है। नर्सिंग स्टाफ की भी कमी महसूस की जा रही है। दो साल पहले तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने गांधीनगर अस्पताल को सिविल दर्जा देने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में इसे खारिज कर दिया गया।




### समय पर नहीं आते डॉक्टर

अस्पताल में महिला चिकित्सक की कमी के कारण महिलाओं का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र के रहवासी एवं सोशल एक्टिविस्ट शिव प्रसाद अहिरवार के अनुसार अस्पताल में डाक्टर समय पर नहीं पहुंचते। अहिरवार ने इस संबंध में सीएमएचओ को भी अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं से अवगत कराया है। अहिरवार ने अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सक पदस्थ करने की मांग की है।

गांधीनगर अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या एवं नर्सिंग स्टाफ बढ़ाने के लिए हमने स्वास्थ्य मंत्री सहित वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बढ़ती आबादी को देखते हुए इसे सिविल अस्पताल का दर्जा देना चाहिए। हम लोकसभा चुनाव के बाद स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करेंगे।
**- लक्ष्मण राजपूत, पार्षद, गांधीनगर**

भोपाल में आठ वेंडिंग मशीनें शुरू, चार को किया जा रहा इंस्टाल

# रेलवे स्टेशन पर मिल रहा पांच रुपए प्रति लीटर पानी

**भोपाल।** रेलवे द्वारा लगाई जा रही वेंडिंग मशीनों में यदि आप अपनी बोतल में आरओ वाटर भरवाते हैं, तो इसका शुल्क कम होगा। वहीं बोतल के साथ पानी लेते हैं, तो इसके लिए अतिरिक्त शुल्क चुकाना होगा। वर्तमान में सभी रेलवे स्टेशनों में आइआरसीटीसी द्वारा रेल नीर की बोतलें उपलब्ध कराई जा रही हैं। एक लीटर की बोतल के लिए 15 रुपये शुल्क चुकाना पड़ता है। लेकिन रेलवे द्वारा लगाई जा रही वेंडिंग मशीनों में इससे भी सस्ता पानी यात्रियों को मिलेगा।

भोपाल रेलवे स्टेशन पर गर्मी के सीजन में यात्रियों को किफायती दर पर आरओ वाटर की सुविधा मिलना शुरू हो गई है। वहीं, भोपाल मंडल के रेलवे स्टेशनों में यात्रियों को शुद्ध और सस्ता पानी उपलब्ध कराने के लिए वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई जा रही हैं। सभी 5 प्लेटफार्म पर दो-दो वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं। इन मशीनों से 5 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से शुद्ध पानी यात्रियों को दिया जा रहा है। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि नई कंपनी द्वारा पहले चरण में भोपाल और इटारसी रेलवे स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई गई है।




### दोनों स्थानों पर 12-12 मशीनें लगाई

अभी भोपाल रेलवे स्टेशन और इटारसी रेलवे स्टेशन में वाटर वेंडिंग मशीन की सुविधा शुरू की गई है। ऐसे में यात्रियों को अब घर से पानी ले जाने की जरूरत नहीं होगी। दोनों रेलवे स्टेशनों में 12-12 वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं। भोपाल में आठ वेंडिंग मशीनें शुरू हो गई हैं। जबकि चार वेंडिंग मशीनों को इंस्टाल करने का काम चल रहा है। इसी तरह इटारसी रेलवे स्टेशन में 12 में से 10 वेंडिंग मशीनें शुरू कर दी गई हैं।

**इनका कहना है**

यात्रियों को किफायती रेट पर शुद्ध और शीतल पानी उपलब्ध कराने के लिए वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई गई है। अभी भोपाल और इटारसी रेलवे स्टेशनों पर यह सुविधा यात्रियों को मिल रही है। इसके बाद मंडल के अन्य स्टेशनों पर भी वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई जाएगी। **नवल अग्रवाल, एसीएम और प्रवक्ता भोपाल मंडल**

मैनिट में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का जतन

# छात्रावास में लगाया बायोगैस डाइजेस्टर, रोज बनेगी 5 किलो गैस

**भोपाल।** शहर में स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के ऊर्जा केंद्र ने हास्टल नंबर आठ में बायोगैस डाइजेस्टर को सफलतापूर्वक स्थापित करके पर्यावरण अनुकूलता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। मैनिट के निदेशक डा. केके शुक्ला के मार्गदर्शन में यह एक महत्वपूर्ण पहल हुई है।

ऊर्जा केंद्र के विभागाध्यक्ष डा. प्रशांत बारेदार और सहायक प्राध्यापक डा. गौरव द्विवेदी और होस्टल वार्डन डा. टिकेंद्र नाथ वर्मा के मार्गदर्शन में परियोजना को साकार किया गया। तकनीकी सहायक राजकुमार दीक्षित एवं रिसर्च स्कालर राहुल कुमार और उनकी टीम ने स्थापना की योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया। इसमें जमीनी स्तर पर 103 बाय 15 माप का आधार बनाना शामिल था, जिसमें रसोई 30 फीट की दूरी पर स्थित थी। स्वच्छता बढ़ाने और ईंधन संरक्षण के लिए डिजाइन किया गया बायोगैस डाइजेस्टर खाद्य अपशिष्ट और गोबर से प्रतिदिन पांच किलोग्राम तक बायोगैस का उत्पादन करने की क्षमता रखता है। प्रो प्रशांत बारेदार ने पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के मैनिट के दृष्टिकोण के साथ इस पहल को रेखांकित किया।




### मासिक खर्च में बचत होगी

डा. गौरव द्विवेदी और डा. टिकेंद्र नाथ वर्मा ने बायोगैस डाइजेस्टर की लागत और प्रभावशीलता का अध्ययन कर पाया कि इसके माध्यम से मासिक खर्चों को काफी कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक छात्रावास के मेस में आमतौर पर प्रतिदिन 60 किलोग्राम गैस की खपत होती है। इस हिसाब से लगभग पांच लाख रुपये प्रति माह खर्च आता है। बायोगैस डाइजेस्टर की स्थापना के माध्यम से हम पर्याप्त बचत कर सकते हैं। टीम का लक्ष्य लागत कम करना तथा अन्य संस्थानों और छात्रावासों तक इस तकनीक की पहुंच बढ़ाना है। उनका इरादा बायोगैस डाइजेस्टर के कार्यान्वयन को अन्य छात्रावासों और पूरे मैनिट परिसर में विस्तारित करने का है, जिससे संस्थान के पर्यावरणीय प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।

## जमीन पर दबंगों ने जमाया कब्जा आदिवासियों ने मांगी इच्छामृत्यु




**भोपाल।** कोलार रोड स्थित कांकरिया गांव के आदिवासी किसानों की जमीन पर कुछ दबंगो ने कब्जा कर लिया है। जिससे उनके जीवन निर्वाह का जरिया भी छिन गया है। इसकी शिकायत किसान पुलिस और जिला प्रशासन से भी कर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने की वजह से परेशान हैं। अब मंगलवार को आदिवासी किसान शारदा बाई पत्नी रमेश, मोना बाई पत्नी लखन, भागवती पत्नी कमल सहित अन्य लोग श्यामला हिल्स स्थित मानवाधिकार आयोग के दफ्तर पहुंचे, जहां उन्होंने आयोग अध्यक्ष मनोहर ममतानी से मिलकर अपनी परेशानी बताई। साथ ही आदिवासियों ने अध्यक्ष से रविशंकर शर्मा और विकास शर्मा द्वारा धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के मामले में कार्रवाई नहीं करने पर इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की बात कही। अध्यक्ष ने बताया कि कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह से जमीन के संबंध में तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। उन्होंने आदिवासियों को भरोसा दिलाया कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा। अगर उनकी जमी धोखाधड़ी से हड़पी गई है, तो संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

कवायद | रवींद्र भवन में संचालित हो रही हैं कक्षाएं, अगले सत्र से कला अकादमी भवन में लगेंगी

# नाट्य विद्यालय में देशभर से हुए ढाई सौ पंजीयन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय (एमपीएसडी) में गत वर्ष से आरंभ हुए दो वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन ड्रामेटिक आर्ट के सत्र 2023- 2025 के विद्यार्थियों की पहली प्रोयोगिक परीक्षा और वाइवा हो चुके हैं। थ्योरी की प्रथम लिखित परीक्षा मई में होगी। वहीं सत्र 2024- 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया भी आरंभ हो चुकी है, जिसके लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पहले 25 अप्रैल थी, जिसे पांच दिन बढ़ाकर 30 मई किया गया था। मंगलवार से आवेदन की प्रक्रिया थम चुकी है और देशभर से करीब ढाई सौ पंजीयन हुए हैं।

स्कूल के निदेशक टीकम जोशी ने बताया कि मई में हो रही लिखित परीक्षा के कारण प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित होने की कोई आशंका नहीं है। हम पूर्व की भांति ही 20 मई से प्रारंभिक चयन कार्यशाला आरंभ करेंगे और अंतिम चयन कार्यशाला 20 जून से आरंभ करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वरिष्ठ रंगकर्मी और पटकथा लेखक रंजीत कपूर की क्लास विद्यालय में चल रही है। वे थियेटर लैब के बच्चों के साथ प्राडक्शन की तैयारी भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा संचालित एमपीएसडी में पहले एक वर्षीय नाट्य प्रशिक्षण पाठक्रम संचालित था।




### नये सत्र के लिए 26 सीटों पर होंगे प्रवेश

गत वर्ष से दो वर्षीय प्रोग्राम की शुरूआत राजा मान सिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्धता मिलने बाद की गई है। पीजी डिप्लोमा कोर्स में वर्तमान में 26 विद्यार्थी प्रशिक्षणरत हैं और नये सत्र के लिए 26 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे।

### कक्षाएं संचालित करने के लिए स्कूल के पास उपयुक्त भवन नहीं

मप्र नाट्य विद्यालय में एक बार फिर प्रवेश प्रक्रिया तो आरंभ हो गई है, लेकिन कक्षाएं संचालित करने के लिए स्कूल के पास उपयुक्त भवन नहीं है। दो वर्षीय पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए स्कूल को बाणगंगा स्थित कला अकादमी की बिल्डिंग आवंटित की गई थी पर उसमें कक्षाएं संचालित करना संभव नहीं था। इसलिए नए रवींद्र भवन के आधारतल में कक्षाएं संचालित हो रही हैं । हालांकि कला अकादमी भवन के रेनोवेशन का काम जारी है और संभावना है कि आगामी सत्र से कक्षाएं यहीं संचालित होने लगे।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.ली. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड़, इंदौर (मध्य प्रदेश)पिन- 452011 से प्रकाशित। संपादक - मिलिंद बायवार*। आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117 मो. 07313144237, 83570-89000, Email: mradubhashi.news@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)